जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू


# राष्ट्रदूत

हिण्डौनसिटी

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौनसिटी, बुधवार 23 अक्टूबर, 2024



## विचार बिन्दु

निश्चंत मन, भरी थैली से अच्छा है। –अरबी कहावत

# निवेश लाने की कवायद एक बार फिर क्या रंग लाएगी!

दीपावली का त्यौहारी मौसम चल रहा है। फ़ज़ाओं में उत्सव का माहौल है। घर और बाज़ार सज रहे हैं। सभी उत्सव के रंग से सराबोर हैं। अधिकांश लोगों के लिये यह माहौल आभासी होते हुए भी प्यारा है। प्रदेश की सरकार ने भी अपने लिये उत्सव का एक सबब खोज लिया है। अगले महीने आयोजित होने वाले निवेशकों के महासम्मेलन के लिये वह जो तैयारी कर रही है उसे ही, राइज़िंग राजस्थान कह कर, उसने उत्सव बना लिया है। इस वर्ष दिसंबर में जयपुर में 'राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024' के आयोजन की तैयारी के सिलसिले में मुख्यमंत्री के नेतृत्व में टोलियां विदेशों की यात्राएं करके आई हैं। ऐसे प्रयास नये नहीं हैं। ऐसे कार्यक्रम पहले भी धूम-धाम से आयोजन किये जाते रहे हैं। विडंबना यह है कि इतने उद्यमों के बाद भी चाहा गया निवेश राजस्थान तक नहीं पहुंचता है। निवेश के लिये सम्मेलन होते और करोड़ों रुपयों के निवेश के लिये एमओयू होते और बाद में उनको फ़ाइलों में दफ़न होते सभी ने बार-बार देखा है। प्रदेश को उद्योगों तथा कारोबार का हब बनाने के अनेक बार देखे गये सपनों को फिर देखते हुए यह उद्यम फिर हो रहा है। रेडियो पर जयपुर विकास प्राधिकरण का एक विज्ञापन आता है जिसमें एक महिला कहती है कि सुनो जी, जयपुर में हम किसी अच्छी जगह पर प्लॉट क्यों नहीं खरीद लेते। वह ऐसे बोलती है जैसे कोई टॉफी खरीदनी हो। राज्य सरकार को भी शायद ऐसा ही लगता है कि किसी देशी-विदेशी निवेशक के लिये राजस्थान में पैसा लगाना कोई टॉफी खरीदने जैसा काम होगा। यह भ्रम पहले की सरकारों ने भी पाला हुआ था कि दुनिया भर से निवेशकों को जलसे में बुला कर अपनी टॉफी दिखाएंगे और निवेशक हमें मालामाल करने दौड़े चले आएंगे। पांच साल के लिये प्रदेश के नियंता बनने वाले राजनेताओं को कौन समझाए कि संभावित निवेशकों को प्रभावी ढंग से आकर्षित करने के लिए, प्रदेश के पास एक सुदृढ़ आधारभूत ढांचा, एक सुविचारित रणनीति तथा उसके लिये एक अच्छे प्रशासन की पुख्ता व्यवस्था होनी चाहिए। ऐसी व्यवस्था करने वाली प्रशासनिक मशीनरी जब अकर्मण्यता और भ्रष्टाचार के दलदल में धंसी हो तब हम किस प्रकार निवेशकों को पधारो म्हारे देस का न्योता दे सकते हैं, और वे इसे क्योंकर स्वीकार करेंगे? यह सवाल पूछा जाना माकूल होगा कि आखिर प्रचार-तंत्र के जरिए, वह भी राजकोष के पैसे से, किसे भ्रमित किया जाने का प्रयास किया जा रहा है? बड़े निवेशक, जिन्हें चप्पे-चप्पे की जानकारी होती है, को आकर्षित करने का यदि कोई ख्वाब देखता है तो वह खुद ही मुगालते में है क्योंकि निवेश करने वाली बड़ी कंपनियां बहुत चतुर होती हैं जिन्हें सिर्फ अपने पैसे, अपने मुनाफे और अपनी सुविधा की चिंता होती है। वे खुद परेशान होने और परोपकार करने के लिये निवेश की मंज़िल नहीं तय करती। वास्तविकता तो यह है कि निवेश के लिये प्रयासों का ऐसा माहौल सत्तारूढ़ नेता आम नागरिकों में अपनी छवि चमकाने के इरादे से करते हैं। विदेश में निवेशकों के साथ दो-तीन दिन की मीटिंगें करके लौटने पर दो उंगलियों से वी फॉर विक्ट्री की आकृति बना कर खड़े नेता के बड़े-बड़े होर्डिंग और उनकी वापसी पर जश्न के आयोजनों के पीछे यही कहानी होती है। मगर ऐसा करने वाले यह भूल जाते हैं कि जिन नागरिकों को हर जगह अव्यवस्थाओं को रोज ही भुगतता पड़ता है उनके लिये यह प्रचार कोई मायने नहीं रखता।

राइज़िंग इंडिया की तर्ज़ पर राइज़िंग राजस्थान का जुमला उधार लेना ही बताता है कि आपके पास खुद की कोई दृष्टि नहीं है। ऐसे प्रचार के जुमले अधकचरी विज्ञापन और ईवेंट एजेंसियां कहीं से नकल करके लाती हैं जो सिर्फ उन अनपढ़ राजनेताओं को भ्रमित करने के लिये होते हैं जिनके दस्तखतों से प्रचार के बजट पास होते हैं। सच तो यह है कि चुनावों के बाद आने वाली प्रत्येक सरकार राजस्थान को देश में सबसे बड़े इन्वेस्टमेंट हब के रूप में स्थापित करने की बातें करती रही है, मगर उसके लिये जरूरी व्यवस्था का आधारभूत ढांचा बनाने का ठोस प्रयास किसी ने नहीं किया क्योंकि ऐसा नारों से नहीं होता। उसके लिये लंबे समय तक धैर्य से काम करना पड़ता है, और पहले खुद निवेश करना पड़ता है। खुद का यह निवेश स्थानीय मानव संसाधन विकास पर होता है। ऐसा भी नहीं है कि इसे कैसे किया जाए इसकी समझ के लिये बाहर से निवेश लाने की जरूरत हो। हमारी पहली जरूरत है हमारी 80 प्रतिशत गरीब आबादी को अर्थव्यवस्था में भागीदार बनने के काबिल बनाना। इसके लिये शहरों और गावों में अच्छी तरह से काम करने वाली नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना, जिनमें सभी को गुणवत्ता वाली शिक्षा देने और सभी के लिये चिकित्सा और स्वास्थ्य के इंतजाम हो। इसके लिये हमारी संवैधानिक व्यवस्था में सारा दारोमदार कार्यपालिका पर है जिसने पेशेवर तरीके और ईमानदारी से काम करना कब का छोड़ दिया है। जिस प्रकार फ़र्जी तरीकों से इसमें घुस आए लोगों में से कुछ पेपर लीक प्रकरणों में पकड़े जा रहे हैं उससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिस जमीन पर हम निवेश लाने की कल्पनाओं के घोड़े दौड़ाते हैं वह जमीन कितनी फिसलन भरी है। निवेश कोई लॉलीपॉप नहीं है और न निवेशक नन्हें बच्चे कि उसे दिखाई और वे भागे-भागे चले आएं। उनके सामने एक स्पष्ट वैल्यू प्रस्ताव और एक परिभाषित मॉडल लेकर जाना पड़ता है। निवेशक हमारी मदद के लिये नहीं आने वाले। उनका लोकसेवा का काम नहीं हैं। उनके लिये बाजार की मांग और अपने विस्तार की क्षमता महत्वपूर्ण होती है, जिसके आधार पर वे पेशकश को आंकते हैं और फैसले लेते हैं। वे ज़मीनी हक़ीकत जानते हैं और प्रचार तंत्र से दिखाई जा रही तस्वीर देख कर निर्णय नहीं लेते। वास्तव में उनमें से ही अनेक निवेशक प्रचार तंत्र के संस्थान खुद चलाते हैं और ज़न्नत की हक़ीकत जानते हैं। एक दो मीटिंगें या रोड़ शो कर लेने से निवेशकों को आकर्षित नहीं किया जा सकता और न उनका भरोसा जीता जा सकता है। मेहमान आने पर थोड़े समय के लिये एक सामान्य परिवार जिस प्रकार अपने घर का एक कमरा सजा लेता है वैसा निवेशकों को लुभाने के लिये नहीं किया जा सकता। असली चीज है ईमानदार कार्य-संस्कृति जो हम आजादी के इतने बरसों बाद भी नहीं बना पाए हैं। ऐसी चीजें खांचों में नहीं होती। उसके लिये पहले हमें अपने आप को पूरी तरह तैयार करना पड़ेगा। ऐसा नहीं हो सकता कि निवेश आएंगे तो हम स्वत: ही तैयार होते चले जाएंगे। हमें जिस पहली चीज को याद रखना है वह है कि बिना मानव संसाधन को तैयार किए न प्रदेश का विकास हो सकता है और न निवेश आ सकता है। मानव संसाधन के विकास की पहली सीढ़ी है सबके लिये समान गुणवत्ता वाली शिक्षा। चीन इसी एक चीज पर अपने को पूरी तरह समर्पित कर आज दुनिया की बड़ी आर्थिक ताकत बना बैठा है।

> **एक दो मीटिंगें या रोड़ शो कर लेने से निवेशकों को आकर्षित नहीं किया जा सकता और न उनका भरोसा जीता जा सकता है। मेहमान आने पर थोड़े समय के लिये एक सामान्य परिवार जिस प्रकार अपने घर का एक कमरा सजा लेता है वैसा निवेशकों को लुभाने के लिये नहीं किया जा सकता। असली चीज है ईमानदार कार्य-संस्कृति जो हम आजादी के इतने बरसों बाद भी नहीं बना पाए हैं।**

प्रचार एजेंसियों द्वारा बनाये गये 'राइज़िंग राजस्थान' के रंगीन दस्तावेज़ में कहा गया है कि 2036 तक, इस प्रदेश का शहरी विस्तार कुल जनसंख्या वृद्धि का 73 प्रतिशत हिस्सा हो जाने की उम्मीद है। इस तेज़ शहरीकरण को समायोजित करने के लिए, और बढ़ती शहरी आबादी की बुनियादी ढांचे की मांगों को पूरा करने के लिए अगले 15 वर्षों में विशाल निवेश करने की आवश्यकता होगी। यहीं पर बड़ा पेच है। हम निवेशकों से अपनी बढ़ती शहरी आबादी को आधारभूत सुविधाएं दिलाने के लिये मदद चाहते हैं, मगर वे यहां दान-पुण्य करने को अथवा हमारी मदद करने को आने वाले नहीं हैं। यह बात पिछले दशकों के इसी पिटे-पिटाये रास्ते पर चलके कहीं न पहुंचने के बाद भी हमारे नीति और विधि निर्माताओं की समझ में नहीं या रही है। यह हमारी विडंबना है। राज्य सरकार की प्रस्तुति पूछती है कि निवेश के लिये राजस्थान ही क्यों? इसका जवाब वह खुद ही देती है कि राजस्थान में देश के कुछ सबसे बेहतरीन नियोजित शहर हैं। क्या सच में ऐसा है? राजधानी जयपुर के लिये एक टैग लाइन बनी थी कि नियोजन जहां परंपरा है। मगर इस नगर में एक की बजाय दो नगर निगम बना देने के बाद भी राजधानी का जैसा हाल बेहाल है वह भारी प्रचार तंत्र से ढांपने से नहीं छुप जाने वाला। राजस्थान के लोगों ने अपनी मेहनत से अपनी तकदीरें बदली हैं और आज वे देश के नामी-गिरामी औद्योगिक और कारोबारी घराने बने बैठे हैं। लेकिन उनके पुरखों को अपनी धरती छोड़ कर बाहर जाना पड़ा और कमा कर वहीं निवेश करना पड़ा। अपने घर आए भी तो वे दान या परोपकार के लिये आए अथवा अपने सांस्कृतिक रिश्तों के कारण आए जो उनकी नई पीढ़ी के लिये शायद बहुत अधिक मायने नहीं रखते। इन्हीं में से एक बजाज घराने के प्रमुख ऐसे ही एक निवेशकों के जलसे में हमारे नेताओं के मुंह पर कह कर जा चुके हैं कि निवेशक आपकी नहीं अपनी जरूरतों के हिसाब से आयेगा। निवेश लाने की यह कवायद नये चुनावों के बाद हर बार होती रहती है। इस बार मुख्यमंत्री भरोसा दिला रहे हैं कि अगले माह के निवेशकों के शिखर सम्मेलन में जो फैसले होंगे वे अगले चार वर्षों में धरती पर नज़र आएंगे। राजस्थान जैसे प्राचीन प्रदेश के वासियों के लिये चार साल कोई लंबी अवधि नहीं है। वे अपनी तक़दीर बदलने का इतना इंतजार तो कर ही लेगे।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# शीर्ष विद्यालयों के बीच अंतर-विद्यालय तकनीकी प्रतियोगिता का आयोजन

## यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर/कोलकाता द्वारा झुंझुनू अकादमी को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर पुरस्कृत किया गया



झुंझुनू में जिले के शीर्ष विद्यालयों के बीच सबसे बड़ी अंतर-विद्यालय तकनीकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**झुंझुनू।** यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (UEM), जयपुर/कोलकाता द्वारा नरबदा भवन, झुंझुनू में जिले के शीर्ष विद्यालयों के बीच सबसे बड़ी अंतर विद्यालयीय तकनीकी प्रतियोगिता CONNECTECH (UEM तकनीकी बोनांजा) का आयोजन किया गया। अंतर-विद्यालयीय तकनीकी प्रतियोगिता CONNECTECH (UEM तकनीकी बोनांजा) कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर के वाईस चांसलर प्रो. डॉ. बिस्वजॉय चटर्जी, रजिस्ट्रार डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा, कृशानु बनर्जी, सचिन पांडेय आदि ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर किया।

अंतर-विद्यालयीय तकनीकी प्रतियोगिता CONNECTECH (UEM तकनीकी बोनांजा) में ए.बी.एन. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, श्री रानी सेइंग जी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शिशु विद्या विहार स्कूल, ज्योति विद्यापीठ, रवीन्द्र पब्लिक स्कूल, झुंझुनू अकादमी, अरविंद पब्लिक स्कूल, ए.बी.एन. एसआर. माध्यमिक विद्यालय, एस.एस. मोदी विद्या विहार, रवीन्द्र पब्लिक स्कूल, जी. बी. मोदी पब्लिक स्कूल, आदि सहित झुंझुनू के अधिकतम टॉप स्कूलों से विज्ञान के छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर/कोलकाता द्वारा झुंझुनू अकादमी को अंतर-विद्यालयीय तकनीकी प्रतियोगिता CONNECTECH (UEM तकनीकी बोनांजा) में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर चैंपियन स्कूल व जी.बी. मोदी पब्लिक स्कूल झुंझुनू को उपविजेता स्कूल वर्ष 2024 का ख़िताब देकर पुरस्कृत किया गया।

अंतर-विद्यालयीय तकनीकी प्रतियोगिता CONNECTECH (UEM तकनीकी बोनांजा) कार्यक्रम में छात्रों ने पांच स्पर्धाओं NIRMANA - विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता-कक्षा 9 से 12 तक, पाइथागोरस स्टार-मैथ्स टेस्ट-कक्षा 9 और कक्षा 10 तक, PYPHAGORAS - मैथ्स टेस्ट-कक्षा 11 और 12 तक, जिज्ञासा प्रतियोगिता कक्षा-11 से 12 तक व जनरल- क्विज प्रतियोगिता कक्षा 9 से 12 में भाग लिया। सभी प्रतियोगिताओं का परिणाम इस प्रकार रहा जिसमें प्रतियोगिता टेक कला में प्रथम पुरस्कार राधिका केडिया, ए.बी.एन. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, द्वितीय पुरस्कार लताशा रोहिल्ला श्री रानी सेइंग जी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, तीसरा पुरस्कार अप्सरा शिशु विद्या विहार स्कूल, वहीं पाइथागोरस प्रो में प्रथम पुरस्कार प्रिया चाहर झुंझुनू अकादमी, द्वितीय पुरस्कार सृष्टि खेतान जी. बी. मोदी पब्लिक स्कूल, तीसरा पुरस्कार महक जालान जी. बी. मोदी पब्लिक स्कूल, वहीं पाइथागोरस स्टार में प्रथम पुरस्कार अनन्या शर्मा जी. बी. मोदी पब्लिक स्कूल, द्वितीय पुरस्कार अरव सैनी ए.बी.एन. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, तीसरा पुरस्कार जी. बी. मोदी पब्लिक स्कूल NIRMANA वहीं विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सोहा अख्तर, वंशिका, कनिका, पायल अरविंद पब्लिक स्कूल, द्वितीय पुरस्कार सुधांशु जांगिड़ व मोक्ष स्वामी ए.बी.एन. एसआर. माध्यमिक विद्यालय, तीसरा पुरस्कार विनायक सैनी व गुरु अंश एस.एस. मोदी विद्या विहार, झुंझुनू, क्यूरियोसिटी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार इंद्रपाल रवीन्द्र पब्लिक स्कूल, द्वितीय पुरस्कार नंदिनी शर्मा झुंझुनू अकादमी, तीसरा पुरस्कार अयितेश झुंझुनू अकादमी। वहीं बायो ब्रिलियंस में प्रथम पुरस्कार देवप्रिया ज्योति विद्यापीठ, द्वितीय पुरस्कार हर्ष रवीन्द्र पब्लिक स्कूल, तीसरा पुरस्कार नकुल शर्मा को दिया गया। प्रत्येक कार्यक्रम के लिए प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वाले छात्रों को यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर/कोलकाता की और से नकद पुरस्कार के साथ-साथ योग्यता प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह तथा कार्यक्रम में भाग लेने वाले अन्य छात्रों को भागीदारी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विश्विद्यालय के रविंद्र मांजू, ऋदय बनर्जी, शुभदीप घोष, पिनाकी करमाकर के अलावा एडमिशन विभाग के आशुतोष गौतम, विष्णु जगाका, महेश चौधरी, बाबूलाल शर्मा, अभिषेक शर्मा, शशि कांत मधुकर, श्याम प्रताप भी शामिल हुए साथ ही कार्यक्रम में पधारे हुए सभी अतिथिओं का यूनिवर्सिटी कुलपति प्रो. डॉ. बिस्वजॉय चटर्जी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# आयुर्वेद डॉक्टर को 60 साल पर रिटायर करने पर हाइकोर्ट ने गंभीरता से लिया

## आदेश की पालना नहीं करने पर आयुर्वेद विभाग के शासन उप सचिव को तलब किया

**जोधपुर, (कासं)।** राजस्थान उच्च न्यायालय ने आयुर्वेद विभाग के शासन उप सचिव सावन कुमार चायल को तलब किया और आदेशित किया कि आदेश की अवज्ञा और दुराग्रही कृत्य के लिए क्यों नहीं उसके खिलाफ उपयुक्त कार्यवाही शुरू की जाएं। आयुर्वेद डॉक्टर को कोर्ट के आदेश के बावजूद 60 साल पर रिटायर कर देने पर हाइकोर्ट ने गंभीरता से लिया। रिट याचिका की सुनवाई के दौरान हाइकोर्ट न्यायाधीश फरजंद अली की एकलपीठ ने आदेश जारी किया है।

डूंगरपुर निवासी डॉ. प्रवीण कुमार पांड्या की ओर से अधिवक्ता यशपाल ख़िलेरी और विनीता चांगल ने रिट याचिका दायर कर बताया कि याचिकाकर्ता आयुर्वेद विभाग में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी है और आयुर्वेद डॉक्टर्स की रिटायरमेंट आयु 60 से 62 वर्ष करने वाले फैसले को सुप्रीम कोर्ट ने बरकरार रखा है तथा हॉल ही में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार की ओर से पेश पुनर्विचार याचिका भी ख़ारिज कर दी है।

> ■ **राजस्थान उच्च न्यायालय ने आदेशित किया कि आदेश की अवज्ञा और दुराग्रही कृत्य के लिए क्यों नहीं उसके खिलाफ उपयुक्त कार्यवाही शुरू की जाए**

याचिकाकर्ता के अधिवार्षिकी आयु 60 साल 30 सिंतबर 2024 को पूरी होने से पूर्व ही उसने रिट याचिका दायर कर उसे 62 वर्ष से पूर्व रिटायर नहीं करने की गुहार लगाई, जिस पर हाइकोर्ट के एकलपीठ न्यायाधीश फरजंद अली ने निर्णय दिनांक 20 सितंबर 2024 से याची को 62 वर्ष से पूर्व रिटायर नहीं करने के आदेश दिए थे। बावजूद इस आदेश के, जानबूझकर निर्लज्ज अवज्ञा करते हुए और दुराग्रह से ग्रसित होकर आयुष विभाग के शासन उप सचिव ने 30 सितंबर 2024 को आदेश जारी कर याची को जबरन रिटायर कर दिया। उपनिदेशक, आयुर्वेद विभाग, डूंगरपुर और निदेशक, आयुर्वेद विभाग, अजमेर से निवेदन करने पर उनके द्वारा मौखिक रूप से बताया गया कि कोर्ट के आदेश के वनिस्पत राज्य सरकार का आदेश मानना जरूरी होता है, इसलिए निवेदन करने के बावजूद और कोर्ट के आदेश का संज्ञान होने के बाद भी याची को 30 सितंबर 2024 को जानबूझकर रिटायर कर दिया गया, जिस पर याचिकाकर्ता ने पुन: नई रिट याचिका पेश कर आयुर्वेद विभाग के उप शासन सचिव को कंटेम्प्ट नोटिस जारी कर याची को राजकीय सेवा में पुन: वापिस लेने की गुहार लगाई गई।

अधिवक्ता ख़िलेरी ने बताया कि आयुर्वेद विभाग के वर्तमान शासन उपसचिव जोकि राज्य के उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा के विशेष सहायक भी है की हठधर्मिता और दुराग्रहिता के कारण हाइकोर्ट द्वारा पारित किसी भी आदेश की पालना नहीं की जा रही है और जानबूझकर कोर्ट के आदेशों का मख़ौल उड़ाया जा रहा है औऱ प्रत्येक आदेश की पालना के लिए अवमानना याचिकाएं दायर करनी पड़ रही हैं।

याचिकाकर्ता के तर्क और मामले की परिस्थितियां और आदेशों की निर्लज्ज अवज्ञा को देखते हुए हाइकोर्ट न्यायाधीश फरजंद अली की एकलपीठ ने प्रतिवादी संख्या 4 आयुष विभाग के शासन उप सचिव सावन कुमार चायल को अगली सुनवाई तारीख 18 नवंबर पर न्यायालय के समक्ष व्यक्तिश: उपस्थित रहने के निर्देश देते हुए यह कहा कि उसके खिलाफ उपयुक्त कार्यवाही क्यों न शुरू की जाएं। साथ ही याचिकाकर्ता को अविलम्ब पुन: राजकीय सेवा में लेने का भी अंतरिम आदेश दिया।

# 7 साल के लड़के की बारात रवाना होने से पहले पहुंचा प्रशासन

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** गोविंदपुरा/18 जीजी गांव में प्रशासनिक टीम ने बाल विवाह रुकवाया। इस कार्रवाई में ग्राम पंचायत के सरपंच की विशेष भूमिका रही है। दूल्हे की बारात गांव से रवाना होने वाली थी। तैयारियां चल रही थी। इसी दौरान प्रशासनिक अमले ने पहुंचकर शादी में कानून का पेंच खड़ा कर दिया। दूल्हा बनाए गए लड़के की आयु शादी के तय नियमों के तहत नहीं थी। वहीं शादी को रुकवा दिया गया।

> ■ **प्रशासन ने परिवार के सदस्यों को लड़के की शादी 21 साल पूरी होने से पहले नहीं करने को लेकर पाबंद किया**

जानकारी के अनुसार चाइल्ड हेल्पलाइन को 1098 टोल फ्री नंबर पर रविवार को सूचना मिली थी। कॉलर ने बताया कि गांव 18 जीजी/गोविन्दपुरा में वाल्मीकि समाज के लोगों द्वारा एक लड़के का बाल विवाह किया जा रहा है। सूचना मिलने पर बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक राजीव जाखड़ के निर्देश पर चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक त्रिलोक वर्मा, राजस्व पटवारी रेणु गिरी, काउंसलर दीपक चौधरी, सदर थाना से ड्यूटी अधिकारी हैड कांस्टेबल सतवीर सिंह राठौड़, सिपाही संदीप कुमार एवं मनजीत सिंह शादी वाले घर पर पहुंचे। टीम जब मौके पर पहुंची तो बारात विजयनगर जाने के लिए तैयार थी। टीम द्वारा दूल्हे की आयु की जानकारी को परिवार से दस्तावेज मांगे गए। दूल्हे के माता-पिता ने आधार कार्ड एवं 10 वीं कक्षा की अंक तालिका को पेश किया। इनमें दूल्हे की जन्मतिथि 21 जून 2007 थी। इस हिसाब से दूल्हे की उम्र 17 साल और चार माह ही थी, जबकि लड़के की शादी की उम्र सरकार की ओर से कम से कम 21 साल तय की हुई है। इस पर परिवार के सदस्यों को लड़के की शादी 21 साल पूरी होने से पहले नहीं करने को पाबंद किया गया। मौका फर्द बनाकर परिवार व रिश्तेदारों के हस्ताक्षर करवाए गए। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष जोगेंद्र कौशिक ने गांव में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा, साथिन और सदर पुलिस के एक कांस्टेबल को निगरानी के निर्देश दिए हैं। कार्रवाई के दौरान हलवाई व टैंट वाले को कानून की जानकारी दी, जबकि पंडित मौका पाकर फरार हो गये।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

### बुधवार 23 अक्टूबर, 2024

कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, सप्तमी तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2081, पुनर्वसु नक्षत्र गुरूवार प्रात: 6:16 तक, शिव योग प्रात: 6:59 तक, विष्टि करण दिन 1:24 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 12:02 से कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-तुला, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-कर्क, बुध-तुला, गुरू-वृष, शुक्र-वृश्चिक, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज रवियोग रात्रि 12:42 से प्रात: 6:16 तक है। भद्रा दिन 1:24 तक रहेगी। आज से राष्ट्रीय कार्तिक मास आरम्भ होगा।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:13 तक, शुभ 10:47 से 12:11 तक, चर 2:59 से 4:23 तक, लाभ 4:23 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 4:35, सूर्यास्त 5:48

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**मिथुन**
नौकरीपेशा व्यक्तियों को बाहर जाना पड़ सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे।

**कर्क**
व्यक्तिगत परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। मन में असंतोष रहेगा। अनावश्यक समय खराब होगा। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी।

**सिंह**
आर्थिक/वित्तिय मामलों में संतुलन बना रहेगा। संभावित धन प्राप्त होगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

**तुला**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। घर-परिवार में अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे।

**मकर**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित विवादों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**मीन**
घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौन सिटी

Rashtradoot

फोनः- 230200, 230400 फैक्सः- 07469-230600 वर्षः 16 संख्याः 350 प्रभात हिण्डौन सिटी, बुधवार 23 अक्टूबर, 2024 पो. रजि.SWM-RJ-6069/2017-18 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

## यू.ए.ई. ने राजस्थान के साथ तीन लाख करोड़ का एम.ओ.यू. किया

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और यू.ए.ई. के निवेश मंत्री सुवैदी ने 60 गीगावॉट की सोलर, विंड व हाइब्रिड परियोजना फाइनल की

जयपुर, 22 अक्टूबर। राजस्थान में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में तीन लाख करोड़ रुपए के निवेश के ऐतिहासिक एम.ओ.यू. पर मंगलवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और यू.ए.ई. के निवेश मंत्री मोहम्मद हसन अल सुवैदी की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। यह निवेश प्रदेश के पश्चिमी जिलों में 60 गीगावाट क्षमता की सोलर, विंड एवं हाइब्रिड परियोजना की स्थापना के लिए आधुनिकतम तकनीक का उपयोग करते हुए, एक दीर्घ अवधि की विद्युत परियोजना की स्थापना के माध्यम से प्रदेश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से किया गया। इस पहल के अंतर्गत यू.ए.ई. एक योग्य एवं सक्षम डेवलपर की नियुक्ति भी करेगा, जो प्रदेश में शासन-प्रशासन के स्तर पर समन्वय स्थापित कर परियोजना को तेजी से साकार रूप प्रदान करेगा।

- **इस परियोजना में अक्षय ऊर्जा से संबंधित आधुनिकतम तकनीक के उपयोग से दीर्घ अवधि विद्युत परियोजना स्थापित की जायेगी। यू.ए.ई. एक योग्य व सक्षम डवलपर नियुक्त करेगा जो राजस्थान में शासन व प्रशासन के स्तर पर समन्वय स्थापित रखेगा।**
- **संयुक्त अरब अमीरात सरकार द्वारा सरकारी फंड से तीन लाख करोड़ रुपये का निवेश राजस्थान के लिए बहुत महत्वपूर्ण बात है।**

किया जाएगा।

यू.ए.ई. के निवेश मंत्री मोहम्मद हसन अल सुवैदी और उद्योग विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा ने इस एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किए। यह ऐतिहासिक एम.ओ.यू. अक्षय ऊर्जा से संबंधित

मुख्यमंत्री द्वारा राइज़िंग राजस्थान समिट के तहत किए जा रहे प्रयासों से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश में निवेश की विश्वसनीयता बढ़ी है। समिट के तहत, अब तक निजी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा निवेश किया जा रहा था। लेकिन अब

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा यू.ए.ई. के निवेश मंत्री मोहम्मद हसन अल सुवैदी की उपस्थिति में राजस्थान में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में तीन लाख करोड़ रुपए के निवेश के ऐतिहासिक एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर हुए।*

## जे.पी.सी. की बैठक में बोतल फैंकी गई अध्यक्ष पर

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 22 अक्टूबर। वक्फ़ बोर्ड के सम्बन्ध में मंगलवार को जे.पी.सी. की मीटिंग गर्मा-गर्मी तथा आक्रोश की स्थिति तक पहुँच गई।

उत्तेजनापूर्ण स्थिति में पहुँच गई मीटिंग में वस्तुतः खून भी बहा, बोतलें भी टूटीं, तू-तू मैं-मैं भी हुई तथा एक सांसद निलम्बित भी कर दिये गये।

टी.एम.सी. सांसद कल्याण बनर्जी जे.पी.सी. की अगली मीटिंग से निलम्बित कर दिये गये हैं क्योंकि उन्होंने

- **वक्फ़ बोर्ड के मुद्दे पर गठित जे.पी.सी. की मीटिंग के दौरान तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी काफी उग्र हो गए और उन्होंने अध्यक्ष जगदम्बिका पाल पर बोतल फेंक दी। कल्याण बनर्जी को निलम्बित कर दिया गया है।**

जे.पी.सी. के चेयरमैन जगदम्बिका पाल पर काँच की बोतल तक फैंक दी। ऐसा करने में कल्याण बनर्जी के हाथ में चोट लग गई तथा खून बहने लगा।

दरअसल, पश्चिम बंगाल के एक भाजपा सांसद के साथ बनर्जी की उत्तेजनापूर्ण बहस हो गई थी, जिसके

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## ब्रिक्स सम्मेलन में भारत छाया रहा

### हालांकि चीन ने सम्मेलन को अमेरिका एवं पश्चिमी देश विरोधी बनाने की कोशिश की पर भारत एवं रूस ने ऐसा नहीं होने दिया

- अंजन रॉय -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 22 अक्टूबर। रूस के कज़ान शहर में आयोजित ब्रिक्स समिट को रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमिर पुतिन द्वारा सबसे बड़े राजनयिक शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखा जा रहा है। गत वर्ष, पुतिन ब्रिक्स मीटिंग में शामिल नहीं हो पाए थे, क्योंकि इन्टरनैशनल क्रिमिनल कोर्ट ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वॉरंट जारी किया हुआ था।

प्रारंभ से ही ब्रिक्स ग्रुप ऑफ नेशन्स के सदस्य के रूप में भारत का इसमें अग्रणी स्थान रहा है तथा जब कई देश, एक प्रमुख कूटनीतिक शक्ति के रूप में उभर रहे भारत को कमज़ोर करने की कोशिश कर रहे थे, तब भारत को पूर्ण कूटनीतिक समर्थन प्राप्त था। यू.एस. तथा कैनडा, दोनों ही सिख अलगाववादी की हत्या में भारतीय अधिकारियों की संलिप्तता के आरोप लगाकर भारत को परेशान कर रहे थे।

- **रूस अभी उम्मीद कर रहा है कि अमेरिका में ट्रम्प जीतकर आएंगे। इसके बाद ट्रम्प से दोस्ती अन्तर्राष्ट्रीय मामलों में रूस को उसका उचित स्थान दिलाएगी।**
- **भारत के बढ़ते रूतबे ने भारत विरोधी देशों, कैनडा आदि को भी अपना राग बदलने को मजबूर कर दिया है।**

जहां, एक तरफ चीन के शी जिनपिंग ब्रिक्स के सम्मेलन को, अमेरिका के नेतृत्व वाली वैश्विक व्यवस्था के खिलाफ गठबंधन के रूप में पेश करना चाहते हैं, वहीं, पुतिन इसे "पश्चिम विरोधी गठबंधन" के रूप में पेश नहीं कर रहे हैं।

ऐसा इसलिए, क्योंकि निकट भविष्य में होने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति चुनावों से दो सप्ताह पहले पुतिन, डॉनल्ड ट्रम्प की जीत की उम्मीद को जीवित रखे हैं। यदि ऐसा होता है तो, पश्चिम में कई लोगों का मानना है कि, ब्लादिमिर पुतिन यूक्रेन की राजधानी कीव में बैठे होंगे।

यदि ट्रम्प जीतते हैं तो पुतिन अमेरिका के साथ अपने संबंधों को खराब नहीं करना चाहते, जबकि चीन के राष्ट्रपति शी को विश्वास है कि चुनाव के बाद जो भी सत्ता में आएगा, अमेरिका हमेशा की तरह अपना चीन विरोधी कार्ड खेलना जारी रखेगा। अतः चीन के राष्ट्रपति एक पूर्ण पश्चिम विरोधी गठबंधन पर जोर दे रहे हैं, जिसका नेतृत्व शी करना चाहते हैं।

## झारखंड में इंडिया गठबंधन के बीच हुआ सीटों का बंटरवारा

### जे.एम.एम. 41, कांग्रेस 29, राजद 9 और वामपंथी पार्टी 2 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 22 अक्टूबर। झारखण्ड में इण्डिया ब्लॉक का प्रमुख सहयोगी दल, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा (जे.एम.एम.) मुश्किल का सामना कर रहा है, क्योंकि, उसके गठबंधन पार्टनर सामर्थ्य से ज्यादा उम्मीद कर रहे हैं।

ज्ञातव्य है कि, राज्य की 90 विधानसभा सीटों के लिए सीट शेयरिंग व्यवस्था को अंतिम रुप दे दिया गया है, जिसमें जे.एम.एम. के लिए 41 सीटें, कांग्रेस के लिए 29, आर.जे.डी. के लिए 9 तथा सी.पी.आई.एम.एल. के लिए 2 सीटें हैं। जे.एम.एम. ने 50 सीटों की अपनी पूर्व की मांग को कम कर दिया है, लेकिन लगता है कि इससे कोई लाभ नहीं हुआ है।

आर.जे.डी. के मनोज झा के इस कथन से भारी वाद विवाद छिड़ गया कि

- **जे.एम.एम. पहले 50 सीटों पर लड़ने वाली थी पर सहयोगी दलों को एडजस्ट करने के लिए उसने 41 सीटों पर संतोष कर लिया।**
- **पर इससे भी कोई लाभ होता नहीं लग रहा, क्योंकि राजद के मनोज झा ने साफ कह दिया है कि उनकी पार्टी 18 से कम सीटों पर नहीं मानेगी।**
- **इंडिया गठबंधन की इस तकरार से निस्संदेह राज्य में भाजपा को फायदा होगा।**

उनकी पार्टी 18 से कम सीटों पर चुनाव नहीं लड़ेगी। यदि ऐसा हुआ तो इण्डिया ब्लॉक का सीट शेयरिंग फार्मूला ठप्प हो जाएगा।

पूर्व में योजना यह थी कि जे.एम.एम. 50 सीटों पर चुनाव लड़ेगा तथा वाम पार्टियों को अपने कोटा में एडजस्ट करेगा और कांग्रेस, 31 सीटों के अपने कोटा में आर.जे.डी. को एडजस्ट करेगी। कांग्रेस, 29 सीटों के अपने संशोधित कोटा में आर.जे.डी. को समायोजित करने को राजी नहीं है, जबकि आर.जे.डी., जिसने गत विधानसभा चुनावों में केवल एक सीट जीती थी, ने आश्चर्यजनक रुप से बड़ा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## बजरंग पूनिया किसान कांग्रेस के वर्किंग चेयरमैन बने

- जाल खंबाता -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

नई दिल्ली, 22 अक्टूबर। पहलवान बजरंग पूनिया, जो हरियाणा विधानसभा चुनावों से पूर्व कांग्रेस में शामिल हुए थे, को ऑल इंडिया किसान कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है यह जानकारी किसान कांग्रेस के

- **ऑल इंडिया किसान कांग्रेस के चेयरमैन सुखपाल सिंह खैरा ने ए.आई.सी.सी. मुख्यालय में यह घोषणा की।**

अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा ने ए.आई.सी.सी. मुख्यालय पर पत्रकारों से बात करते हुए दी।

इस दौरान ए.आई.सी.सी. महासचिव कुमारी सैलजा, पूर्व केन्द्रीय मंत्री चौधरी बिरेन्दर सिंह और विनेश फोगाट भी मौजूद थे। कार्यक्रम में पूनिया व विनेश का फूलों का गुलदस्ता देकर अभिनंदन किया गया।

खैरा ने कहा कि पूनिया किसानों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सेबी चीफ माधबी पुरी बुच को केन्द्र सरकार ने क्लीन चिट दी

### सरकारी सूत्रों ने कहा कि जांच में माधबी और उसके परिवार के खिलाफ कुछ नहीं मिला

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 22 अक्टूबर। सरकारी सूत्रों ने संकेत दिये हैं कि सेबी की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच की जाँच-पड़ताल में उनके या उनके परिवार के खिलाफ कुछ भी नहीं पाया गया, तथा इसलिये उनके खिलाफ किसी कार्यवाही की योजना नहीं है। सूत्रों ने यह भी संकेत दिया कि सेबी प्रमुख अपना कार्यकाल पूरा करेंगी।

सरकारी सूत्रों ने इंडिया टुडे टी.वी. को बताया कि सिक्यूरिटीज़ एंड ऐक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (एस.ई.बी.आई.-सेबी) की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच पर लगाये गये आरोपों की जाँच-पड़ताल में कुछ भी दोषपूर्ण नहीं पाया गया है। सूत्रों ने कहा कि फरवरी, 2025 में समाप्त होने वाला अपना कार्यकाल पूरा करेंगी।

सूत्रों ने कहा कि जाँच कराया जाना तो इसलिये आवश्यक हो गया था,

- **सरकारी सूत्रों ने यह भी कहा कि माधबी पर किसी भी किस्म की कार्यवाही की योजना नहीं है, वे अपना कार्यकाल पूरा करेंगी, जो फरवरी 2025 में समाप्त हो रहा है।**
- **सेबी चीफ पर अमेरिकन शॉर्ट सैलर हिंडन बर्ग ने पद के दुरुपयोग का आरोप लगाया था, इसके बाद कांग्रेस ने माधबी बुच व उनके पति पर हितों के टकराव और वित्तीय दूराचरण तथा भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे।**

क्योंकि अमेरिकन शॉर्ट-सैलर हिन्डनबर्ग रिसर्च तथा कांग्रेस पार्टी ने सेबी-प्रमुख के खिलाफ हितों के टकराव (कॉन्फ्लिक्ट ऑफ इन्ट्रेस्ट) एवं वित्तीय दुराचरण के गम्भीर आरोप लगाये थे। सूत्रों ने कहा कि एजेंसियों से उक्त आरोपों की तह में जाने के लिये कहा गया था। इसके साथ ही, वित्त मंत्रालय ने भी इस मामले की जाँच शुरू कर दी थी।

कांग्रेस द्वारा लगाया गया एक प्राथमिक आरोप यह था कि बुच द्वारा किये गये रियल ऐस्टेट इन्वैस्टमेन्ट ट्रस्ट्स (आर.ई.आई.टी) के प्रमोशन से एक वैश्विक निवेश फर्म "ब्लैकस्टोन" का लाभ पहुँचा था तथा इस फर्म से सेबी प्रमुख के पति जुड़े हुये थे। विपक्ष ने उन पर यह आरोप लगाया था कि सेबी चेयरपर्सन के रूप में, उन्होंने "ब्लैक स्टोन" को लाभ पहुँचाने के लिये अपने पद का दुरूपयोग किया था। लेकिन आर.ई.आई.टी. सर्व प्रथम 2007 में प्रस्तावित की गई थी तथा उस समय यू.पी.ए. की सत्ता थी।

2016 में, सेबी ने मानकों का सैट जारी किया था। बुच 1 मार्च 2022 को, अजय त्यागी के बाद, सेबी की चेयरपर्सन नियुक्त हुई थीं।

सरकारी सूत्रों ने इंडिया टुडे टी.वी. को बताया कि जहाँ बुच को ऐसे महत्वपूर्ण सुधार लागू करने का श्रेय जाता है जिनसे "ब्लैक स्टोन" सहित, विभिन्न ग्लोबल प्लेयर्स प्रभावित हुये थे। सूत्रों ने बुच पर लगाये गये आरोपों को राजनीति-प्रेरित तथा आधारहीन बताया।

बुच पर लगाया गया दूसरा आरोप यह था कि उन्होंने आई.सी.आई.सी.आई. बैंक में अपनी पूर्ववर्ती सेवा से प्राप्त आय को उजागर नहीं किया। यह दावा किया गया था कि उन्होंने बैंक से प्राप्त धनराशि की जानकारी सही तरीके से नहीं दी थी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## उपभोक्ता आयोग ने आई.सी.आई.सी. आई. बैंक की सम्पत्ति कुर्क करने के आदेश दिये

जयपुर, 22 अक्टूबर। जिला उपभोक्ता आयोग, क्रम-4 ने आयोग के आदेश के बावजूद, परिवादी को बीमा क्लेम के 9.50 लाख रुपए का ब्याज सहित भुगतान नहीं करने को गंभीरता से लिया है। इसके साथ ही, अदालत ने विपक्षी आई.सी.आई.सी.आई. बैंक

- **परिवादी को बीमा क्लेम की 9.50 लाख रुपये की राशि मय ब्याज अदा करने के अदालती आदेश की क्रियान्विति नहीं करने के कारण अहिंसा सर्किल स्थित आई.सी.आई.सी. आई. बैंक की चल-अचल सम्पत्ति कुर्क करने के आदेश दिये गये।**

की अहिंसा सर्किल, सी-स्कीम स्थित चल और अचल संपत्ति को कुर्क करने के आदेश दिए हैं। आयोग अध्यक्ष विनोद कुमार सैनी और सदस्य अशोक शर्मा ने जिला कलेक्टर को वसूली के लिए पत्रावली भेजने को कहा है। आयोग ने यह आदेश वंदना बोहरा के अवमानना प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए दिए।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## शिवसेना-कांग्रेस सीट बंटवारे में देरी से अफवाहें फैलीं

### महाराष्ट्र में सत्तारुढ़ गठबन्धन के नजदीकी न्यूज चैनलों ने उक्त अफवाहों को हवा दी

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 22 अक्टूबर। महाराष्ट्र के आसन्न विधानसभा चुनावों के लिये कांग्रेस और शिव सेना (यू.बी.टी.) के बीच सीट -शेयरिंग को लेकर गतिरोध बना हुआ है तथा भाजपा इसका फायदा उठा रही है। सत्तारुढ़ गठबंधन -समर्थक कुछ समाचार चैनल कांग्रेस सूत्रों का हवाला देते हुये ऐसी अफवाहें प्रचालित-प्रसारित कर रहे हैं कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह तथा शिव सेना प्रवक्ता संजय राउत के बीच कोई मीटिंग हुई है।

जहाँ राउत ने ऐसी किसी भी मीटिंग का खंडन किया है, लेकिन ये समाचार चैनल बड़े दावे के साथ जनता में सन्देह पैदा करने में लगे हुये हैं।

इस बीच, आसन्न महाराष्ट्र चुनावों के लिये सीट -शेयरिंग को लेकर महा विकास अघाड़ी (एम.वी.ए.) के अन्दरुनी मतभेदों का समाधान करने की कोशिश के तहत, राज्य के कांग्रेस नेताओं ने आज नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.-एस.सी.पी.) प्रमुख शरद पवार के साथ मीटिंग की।

मीटिंग के बाद, वरिष्ठ कांग्रेस नेता बाला साहेब थोराट ने आशावादी स्वर में कहा, "गतिरोध का समाधान शीघ्र ही हो जायेगा। (जिन सीटों पर मतभेद हैं), उनकी संख्या बहुत ज्यादा नहीं है। ....हमारे पास समय है। ... हम यह सब जल्दी ही कर लेंगे।"

थोराट का यह उस वक्त आया है, क्योंकि एम.वी.ए. पार्टनरों- शिव सेना (यू.बी.टी.), कांग्रेस तथा एन.सी.पी. (एस.सी.पी.) के बीच सीट-वितरण को लेकर तनाव बना हुआ है।

- **एक "अफवाह" के अनुसार केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और शिवसेना के प्रवक्ता संजय राउत के बीच बैठक हुई। संजय राउत ने ऐसी किसी भी बैठक से इन्कार किया, पर न्यूज़ चैनल बाद में भी बैठक की न्यूज़ ही चलाते रहे।**
- **शरद पवार से मुलाकात के बाद कांग्रेस नेता बालासाहब थोराट ने उत्साह के साथ कहा कि सीटों का गतिरोध जल्दी खत्म हो जाएगा। विवाद वाली सीटें अधिक नहीं हैं। हम जल्द ही उन्हें निपटा लेंगे।**

रिपोर्टों के अनुसार, एम.वी.ए. गठबन्धन के पार्टनरों, खास तौर से कांग्रेस एवं शिव सेना (यू.बी.टी.) के बीच, सीट- शेयरिंग वार्ता में गतिरोध पैदा हो गया है क्योंकि दोनों ही दल प्रमुख विधानसभा क्षेत्रों पर दोनों ही पार्टियों को मान्य आधार ढूंढ़ने के लिये संघर्षरत हैं।

पवार के साथ हुई मीटिंग के बाद, थोराट ने कहा कि वे अगली मीटिंग शिव सेना (यू.बी.टी.) प्रमुख उद्धव ठाकरे के साथ करेंगे। उन्होंने कहा, "अब मैं वहीं जा रहा हूँ।"

हाल ही के दिनों में, असहमतियाँ जोरदार तरीके से उभर कर आई हैं। इस बीच, शिव सेना (यू.बी.टी.) नेता संजय राउत ने सोमवार को दृढ़तापूर्वक कहा कि गठबन्धनों के अन्दर समझौत आवश्यक हुआ करते हैं।

मुम्बई में पत्रकारों से बात करते हुये, राउत ने कहा, "हम लोग सालों से राजनीति में हैं, हर पार्टी यह महसूस करती है कि उसके कार्यकर्ता प्रत्याशी बनाये जाने चाहिये। .....लेकिन यह एक गठबन्धन है। (गठबन्धन में) हर पार्टी को कुछ कुर्बानियाँ देनी पड़ती हैं तथा कदम पीछे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## केन्द्रीय गृह सचिव और सी.आर.पी. एफ. के डी.जी. को अवमानना नोटिस

जयपुर, 22 अक्टूबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने अदालती आदेश के बावजूद सिपाही को सेवा परिलाभ नहीं देने पर केन्द्रीय गृह सचिव अजय कुमार और सी.आर.पी.एफ. के डी.जी. अनीस दयाल सिंह सहित अन्य को अवमानना नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। अदालत ने इन अधिकारियों से पूछा है कि उनकी ओर से अदालती आदेश की पालना क्यों नहीं की गई। जस्टिस उमाशंकर व्यास की एकलपीठ ने यह आदेश सतीश कुमार की अवमानना याचिका

- **राजस्थान हाईकोर्ट ने अदालती आदेश के बावजूद सिपाही को सेवा परिलाभ नहीं देने के कारण अवमानना नोटिस जारी किये।**

पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए। अवमानना याचिका में अधिवक्ता एल.के. शर्मा ने बताया कि याचिकाकर्ता को सी.आर.पी.एफ. के सिपाही पद से हटा दिया गया था। इस पर उसने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने गत वर्ष 16 मई को आदेश जारी कर याचिकाकर्ता को समस्त सेवा परिलाभ के साथ पुनः सेवा में लेने के आदेश दिए थे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# एफएसटी टीम की कार में तस्करी कर ले जाई जा रही शराब पकड़ी

## एफएसटी का स्टीकर लगी बोलेरो कार से शराब की पेटियां बरामद, चालक को पकड़ा

**दौसा,** (निसं)। जिला स्पेशल टीम एवं सदर पुलिस ने मंगलवार को संयुक्त रुप से कार्रवाई करते हुये एफएसटी टीम की कार में तस्करी के लिए ले जाये जा रही अंग्रेजी एवं देशी शराब की दो दर्जन से अधिक शराब की पेटी बरामद की है। वहीं पुलिस ने कार चालक को पकड़ लिया

कार्रवाई से पुलिस एवं प्रशासन के आला अधिकारियों में हड़कम्प मच गया तथा उपचुनाव को लेकर तैनात की गई एफएसटी टीम की कार्यशैली पर सवालिया निशान लग गया। उधर जिला निर्वाचन अधिकारी देवेन्द्र कुमार ने त्वरित कार्रवाही करते हुये एफएसटी टीम के प्रभारी राजकीय पोलोटेक्नीकल कॉलेज के व्याख्याता मनोज कुमार मीणा को हटाते हुये उनका मुख्यालय निर्झरना तहसील पर किया है। साथ ही पुलिस अधीक्षक से उक्त प्रकरण की रिपोर्ट तलब करते हुये मुकदमा दर्ज कराये जाने के निर्देश दिये हैं।



जिला स्पेशल टीम एवं सदर पुलिस ने शराब की पेटियां बरामद कर एक जने को पकड़ा।

उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन अधिकारी देवेन्द्र कुमार एवं पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा ने विधानसभा चुनाव को देखते हुये एफएसटी टीमों को गठन किया है। उक्त टीम विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश करने वाली प्रत्येक गाड़ियों की निगरानी एवं चैकिंग करती है। हाल ही में एफएसटी की टीम ने तकरीबन 1 करोड़ 80 लाख रुपये की राशि भी बरामद की थी। बताया जाता है कि जिला स्पेशल टीम एवं सदर पुलिस ने खान भांकरी रोड पर नाकाबंदी कर रखी थी, इस दौरान एफएसटी का स्टीकर लगी एक बोलेरो कार सामने से आती हुई दिखाई दी, जिसे हैड कांस्टेबल भूपसिंह, कांस्टेबल सुनील कुमार मंदीप ने चालक को रुकने का इशारा किया। इस

■ कार्रवाई से पुलिस एवं प्रशासन के आला अधिकारियों में हड़कम्प मच गया

पर चालक घबरा गया तथा बोलेरो लेकर भागने लगा। टीम ने बोलेरो को रोक लिया तथा गाड़ी की तलाशी ली गई तो उसमें 12 कार्टन बीयर एवं 13 कार्टन देशी शराब के रखे हुये थे। पुलिस ने तत्काल गाड़ी को जब्त करते हुये बीयर एवं देशी शराब के कार्टन सहित चालक बिजेन्द्र मीणा निवासी सकट थाना टहला जिला अलवर को वहीं दबोच लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी देवेन्द्र कुमार ने पुलिस अधीक्ष रंजीता शर्मा से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है तथा व्याख्याता या अन्य कर्मचारी, अधिकारी की संलिप्तता पर तत्काल मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिये हैं। वहीं दूसरी ओर स्पेशल टीम उक्त प्रकरण की जांच में जुट गई हैं।

# दो मंजिला मकान भरभरा कर गिरा, कोई हताहत नहीं

**कोटा,** (निसं)। शहर के बोरखेड़ा थाना इलाके में अटवाल नगर में सोमवार देर रात दो मंजिला मकान भरभरा कर गिर गया। गनीमत रही कि हादसे के दौरान परिवार के सदस्य कमरे में नहीं थे। मकान गिरने पर कॉलोनी के लोग इकठ्ठा हो गए। हादसे में मकान के बाड़े में बंधी 7-8 गायों के चोट लगी है। पुलिस मौके पर पहुंची।

भागचंद भड़ाना ने बताया कि उनका मकान वार्ड नंबर 19 के अटवाल नगर में है। घटना रात आठ बजे के आसपास की है। दो मंजिला मकान में नीचे व दूसरी मंजिल पर चार-चार कमर बने हैं। परिवार के आदमी दूध बेचने गए थे। बच्चे ट्यूशन गए हुए थे। महिलाएं घर के आंगन में खाना बना रही थी। मकान के कमरों में कोई भी नहीं था। उस दौरान मकान भरभराकर नीचे गिर गया। मकान के बाड़े में बंधी 7-8 गाय चोटिल हो गई। मकान के कमरों में रखा सामान टूट गया। भागचंद ने बताया कि कॉलोनी में नालियां नहीं है। जिस जगह है वहां जाम पड़ी है। इस समस्या से कॉलोनी के लोग परेशान है। कई बार नगर निगम को शिकायत कर चुके हैं। नालियां जाम होने से सीपेज के कारण मकान बैठ गया। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मकान गिरने की शिकायत बोरखेड़ा पुलिस को दी है।

## दुष्कर्म का आरोपी युवक गिरफ्तार

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। मदनगंज थाना पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर फरारी काट रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आया आरोपी निखिल सिंह है। थाना इंचार्ज शम्भू सिंह शेखावत के अनुसार आरोपी निखिल ने पीड़िता को डरा-धमकाकर विभिन्न होटलों में ले जाकर दुष्कर्म किया। पुलिस ने पोक्सो एक्ट में मामला दर्जइसे धरदबोचा। इसे अदालत में पेश किया, जहां जेल भेजने का आदेश दिया।

# बिना मान्यता के फर्जी हॉल मार्किंग करने पर कार्रवाई

## भारतीय मानक ब्यूरो की टीम ने गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई की

**जयपुर।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की टीम ने गोपनीय सूचना के आधार पर मंगलवार को बालोतरा ज़िले के भैरु बाज़ार में स्थित एसबीआर अस्सेइंग एण्ड हॉल मार्किंग सेंटर पर छापेमारी की कार्रवाई की। ज्ञात रहे कि किसी भी हॉल्मार्क सेंटर को हॉल मार्किंग करने के लिए बीआईएस से मान्यता प्राप्त करनी होती है और उपरोक्त सेंटर बिना मान्यता के फर्जी हॉल मार्किंग करता हुआ पाया गया।

छापेमारी के दौरान बीआईएस की टीम की तरफ से दीपक लोदवाल, संयुक्त निदेशक एवं सचिन गुप्ता, उपनिदेशक मौजूद थे जिनके द्वारा उक्त सेंटर द्वारा फर्जी हाल मार्किंग में प्रयुक्त लेज़र मार्किंग मशीन एवं कंप्यूटर जब्त किए गए। उक्त सेंटर के विरुद्ध बीआईएस अधिनियम 2016 के अन्तर्गत कड़ी क़ानूनी कार्यवाही की जाएगी। सोने के ज़ेवरातों की खरीदी करते समय ग्राहकों को पूर्ण हॉल्मार्क को जेवरात पर जांच लेना चाहिए। भारत सरकार के आदेशनुसार बिना हॉल्मार्क या गलत हॉल्मार्क के साथ जेवरातों को बेचना कानूनन जूर्म है।



भारतीय मानक ब्यूरो की टीम ने बालोतरा के भैरु बाज़ार में छापा मारा।

■ बीआईएस की टीम ने फर्जी हाल मार्किंग में प्रयुक्त लेज़र मार्किंग मशीन एवं कंप्यूटर जब्त किए

सही हॉल्मार्क में बीआईएस का लोगो, कैरट में शुद्धता और कोड (6 अंकीय ऐल्फनूमेरिक कोड) होना आवशयक है। कोड (6 अंकीय ऐल्फनूमेरिक कोड) को बीआईएस केयर एप के माध्यम से सत्यापित कर जेवरात पर हुई हॉल मार्किंग की प्रामाणिकता जान सकते हैं। बीआईएस केयर एप के माध्यम से शिकायत दर्ज करवाने का प्रावधान भी किया गया है।

# जालोर एसपी की पत्नी से ठगों ने फोन कर रकम मांगी

## बेटे को ड्रग्स मामले में लिप्त बताते हुए रूपये मांगे

**जालोर,** (कासं)। मंगलवार को जालोर जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द यादव की पत्नी को साइबर ठगों ने कॉल कर उनके बेटे को ड्रग्स मामले में लिप्त बताते हुए रूपये देने की डिमाण्ड कर दी। इसके बाद एसपी जालोर को उसकी पत्नी द्वारा सूचना देने पर साइबर ठगो के बारे में जानकारी दी।

जालोर पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव ने बताया कि मंगलवार को दिन में उनकी पत्नी के पास एक कॉल आया, कॉल करने वाले ने उनकी पत्नी को कहा कि उनका बेटा बिट्स में पढ़ाई (एमबीबीएस) करता है और उनका एकाउंट उक्त बैंक में है। उनके बेटे को पुलिस ने ड्रग्स में लिप्त होने के कारण गिरफ्तार कर लिया है। इसे छुडवाना है तो एकाउंट में जल्दी से पैसे जमा कराओ। जिस प्रकार से कॉल करने वाले ने बेटे के बारे में डिटेल बताई वो बिल्कुल सही थी, इस कारण एकबारगी तो एसपी की पत्नी स्वयं घबरा गई, लेकिन फिर भी उन्होंने सूझबूझ से काम लेते हुए दूसरे कॉल से पत्नी ने उनके पति जालोर पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव को कॉल कर यह बात बताई। एसपी यादव ने स्थिति को भांप लिया और पत्नी को कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है, ये साइबर ठग है बेटे को ही कॉल लगाकर बात कर लो। ठगों को इस बारे में भनक लगते ही उन्होंने फोन डिस्कनेक्ट कर दिया। बाद में एसपी यादव ने उक्त नम्बरों का पता लगाया तो जानकारी में सामने आया कि यह नम्बर मध्यप्रदेश के किसी गांव के किसी गरीब मजदूर के नाम से सिम ली हुई बताई जा रही है, जो उसके बाद से बंद आ रहे हैं। एसपी यादव ने मध्यप्रदेश के सम्बंधित जिले के पुलिस अधीक्षक को इस सम्बंध में अवगत करवाकर तलाश करने की गुजारिश की है।

# कार लूटकर फरार हुये दो लुटेरे गिरफ्तार



पुलिस ने दोनों लुटेरों को बापर्दा गिरफ्तार किया।

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निसं)। मयूरा सिटी में अल सुबह बोलेरो में सवार लुटेरे ब्रेजा कार लूटकर फरार हो गये। मदनगंज थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर एक घंटे में पीछा कर दोनों लुटेरों को गिरफ्त में लेकर वारदात में प्रयुक्त बोलेरो कार जब्त की।

पुलिस की गिरफ्त में आये लुटेरे बड़गांव किशनगढ़ निवासी देवेंद्र गुर्जर (24) पुत्र सुखराम व गांव नोहरिया किशनगढ़ निवासी राजू गुर्जर (23) पुत्र जयदेव है। दरअसल जीवन दीप कॉलोनी खोड़ा गणेश रोड़ निवासी अशोक महनोत अल सुबह मॉर्निंग वॉक के लिये ब्रेजा कार से मयूरा सिटी पहुंचा, इसी दौरान पहले से ही मौके की तलाश में तत्पर बोलेरो सवार बदमाशों ने कार की चाबी छीनकर कार लूटकर फरार हो गये। पीड़ित ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने चारों तरफ नाकाबंदी कराकर दोनों आरोपियों को धरदबोचा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक शर्मा के सुपरविजन में पुलिस उपाधीक्षक महिपाल चौधरी के निर्देश पर थाना प्रभारी शंभूसिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई की। पुलिस दोनों बापर्दा लुटेरों से अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ कर रही है।

# ट्रेलर-कैंपर की आमने-सामने की टक्कर में दो जनों की मौत

**बीकानेर,** (निसं) जिले के श्रीडूंगरगढ़ में ट्रेलर और कैम्पर की आमने-सामने की टक्कर में दो बिजनेसमैन की मौत हो गई। हादसा देर रात करीब 11 बजे सरदारशहर-श्रीडूंगरगढ़ स्टेट हाईवे पर हुआ। दोनों युवकों के शव कैंपर में बुरी तरह फंस गए थे। काफी मशक्कत के बाद क्रेन की मदद से शवों को गाड़ी से बाहर निकाला गया।

जानकारी के अनुसार ट्रेलर श्रीडूंगरगढ़ की ओर आ रहा था और कैंपर सरदारशहर की तरफ जा रहा था। टक्कर इतनी भीषण थी कि कैंपर के परखच्चे उड़ गए। हादसा डूंगरगढ़ से एक किलोमीटर दूर राजस्थान होटल के पास हुआ, जिसकी सूचना श्रीडूंगरपुर पुलिस को दी गई। पुलिस से पहले आपणो गांव श्रीडूंगरगढ़ सेवा समिति व डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सोसायटी के सेवादार एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंचे। इतने में पुलिस भी पहुंच गई। गाड़ियों के हालात देखकर पुलिस ने क्रेन मंगवाई। करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद कैम्पर में सवार दो लोगों को क्रेन की सहायता से बाहर निकाला गया। दोनों को एंबुलेंस से उपजिला अस्पताल श्रीडूंगरगढ़ भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, हादसे में ऊपनी (सरदाहरशहर) निवासी अमरचंद (40) पुत्र सूरजमल सिद्ध और देवेश (35) उर्फ मोनू जाखड़ निवासी सरदारशहर के वार्ड 23 की मौत हो गई। देवेश की प्लास्टर (पुट्टी) की फैक्ट्री है। वह तारानगर के विधायक नरेंद्र बुढ़ानिया के साले का लड़का था। बताया जा रहा है कि टायर फटने से कैंपर अनियंत्रित होकर ट्रेलर से जा भिड़ी। हादसे के बाद सड़क पर जाम लग गया और पुलिस ने क्रेन की सहायता से दोनों वाहनों को मौके से हटवाया। इसके बाद गाड़ियों की आवाजाही शुरू हुई।

सरदारशहर के रहने वाले और अमरचंद के दोस्त रोहित पांडिया ने बताया कि अमरचंद सिद्ध पिछले 15 साल से सरदारशहर में खाद-बीज की दुकान चलाते थे। पिछले पांच साल से कृषि उपज मंडी में भी अनाज का कारोबार करते थे। अमरचंद और देवेश साथ मिलकर डूंगरगढ़ के आढसर गांव में एक और फैक्ट्री लगाना चाह रहे थे। उसी सिलसिले में दोनों अक्सर साथ आया-जाया करते थे। मंगलवार को दोनों बीकानेर से बिजली का केबल लेकर डूंगरगढ़ आ रहे थे। तभी हादसे का शिकार हो गए।

# अधूरे सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूटा

**अजमेर,** (कासं)। दौराई खानपुरा गांव से एनएच हाईवे जाने वाली सड़क निर्माण कार्य को ठेकेदार द्वारा अधूरा छोडे जाने पर मंगलवार को ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। ग्रामीणों ने विधायक सहित एडीए प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए नाराजती जताई। ग्रामीणों ने रास्ता रोककर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दीपावली से पूर्व सड़क का निर्माण नहीं कराया गया तो ग्रामीण आंदोलन शुरू करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

■ ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर विधायक व एडीए के खिलाफ नाराजगी जताई, आंदोलन की चेतावनी दी



सड़क निर्माण कार्य को ठेकेदार द्वारा अधूरा छोडे जाने पर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया।

खानपुरा निवासी सुआसिंह रावत व बाबू भाई ने बताया कि बायपास से खानपुरा दौराई की ओर जाने वाली मुख्य सड़क मार्ग पिछले दिनों हुई बरसात के कारण खानपुरा तालाब भरने से चादर चलने लगी, जिससे सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इसे लेकर पूर्व में प्रशासन को अवगत कराया था, जिसके बाद सड़क बनाने के लिए टेंडर जारी हुए। विधायक अनिता भदेल ने सड़क निर्माण कार्य का उद्घाटन भी किया। इसके बाद ठेकेदार ने चार दिन कार्य कर सड़क निर्माण को अधूरा छोड़ दिया। सड़क का निर्माण नहीं कराए जाने के कारण ग्रामीणों को कच्चे रास्ते से गुजरना पड़ रहा है, जिसे ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी का सामना पड़ रहा है। सड़क के अभाव में जहां राहगीरों का आवागमन बाधित हो रहा है। वहीं प्रसव पीड़ा के दौरान गांव की प्रसूताओं को अस्पताल में ले जाने में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क बनाने की मांग कई बार संबंधित अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन अभी तक इस और कोई ध्यान नहीं दिया गया है, जिससे ग्रामीणों में रोष है।

प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण कार्य अधूरा छोड़कर ठेकेदार चला गया है। ग्रामीणों का कहना रहा कि सड़क निर्माण कार्य को पुनः शुरू कराने की मांग को लेकर जिला प्रशासन से कई बार की जा चुकी है, लेकिन आज तक हल नहीं निकल पाया है। ग्रामीणों ने कहा कि पत्र लिखकर कलेक्टर लोक बंधु को भी अवगत कराया गया है। यदि दीपावली से पूर्व सड़क निर्माण कार्य नहीं कराया गया तो सभी ग्रामीण आंदोलन करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।


**बीकानेर नगर निगम**

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 0151-2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org

क्रमांक/निर्माण/2024-25/14681 दिनांक 22.10.2024

**ई- निविदा-सूचना सं0 65/2024-25**

नगर निगम बीकानेर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में "ऐऐ", "ऐ" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.bikanermc.org Web site www.SPPP.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

निविदा की कुल लागत :-26.15 लाख

UBN Number :- DLB2425WSOB10952

आयुक्त
राज.संवाद/सी/24/6891 नगर निगम, बीकानेर

**राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर**

क्रमांक-संक्षिप्त वि. सं. 18/Exam/A.P./Med.Edu../RPSC/EP-1/2024-25 दिनांक- 22.10.2024

आयोग द्वारा चिकित्सा शिक्षा विभाग के लिए राजस्थान चिकित्सा सेवा (कॉलेजिएट ब्रांच) नियम, 1962 के अन्तर्गत सहायक आचार्य (Assistant Professor) की विभिन्न विशिष्टताओं के कुल 15 पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए जाते है। आयु सीमा में छूट, शैक्षणिक योग्यता, वर्गवार वर्गीकरण, आवेदन प्रक्रिया व अन्य विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी उक्त पदों हेतु आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध विस्तृत विज्ञापन का अवलोकन करें। उक्त पदों हेतु आयु सीमा, आवेदन अवधि व अन्य विवरण निम्नानुसार है-

| | |
|---|---|
| आयु सीमा | दिनांक 01.01.2025 को अधिकतम आयु सीमा 37 वर्ष से कम, सिवाय डी.एम./एम.सीएच. न्यूनतम अर्हता अपेक्षित करने वाले पदों के लिए अधिकतम आयु सीमा 42 वर्ष होगी। |
| आवेदन अवधि | दिनांक 24.10.2024 से दिनांक 22.11.2024 रात्रि 12.00 बजे तक। |
| परीक्षा का स्थान व माह | स्थान व तिथि के संबंध में यथासमय सूचित कर दिया जायेगा। |

अन्य बिन्दु व सूचना-एकबारीय पंजीयन शुल्क, आवेदन प्रक्रिया, प्रमाण पत्रों से संबंधित सूचना एवं परीक्षा से संबंधित अन्य बिन्दु व सूचना के लिए आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध नवीनतम एवं संशोधित परीक्षार्थियों हेतु आवेदन व परीक्षा संबंधी सामान्य दिशा-निर्देश तथा सम्बन्धित सेवा नियमों का अध्ययन आवश्यक रूप से कर लें। इसके अतिरिक्त उक्त परीक्षा के संबंध में समय-समय पर जारी सूचनाओं का अवलोकन आयोग की वेबसाईट https://rpsc.rajasthan.gov.in पर कर सकते है। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार के मार्ग निर्देशन/सूचना/स्पष्टीकरण हेतु राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर के परिसर में स्थित स्वागत कक्ष पर व्यक्तिगत रूप से अथवा दूरभाष सं.-0145-2635212 एवं 2635200 पर संपर्क किया जा सकता है। समस्त पत्र व्यवहार सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर को सम्बोधित किया जाए।

DIPR/C/10436/2024 राम निवास मेहता, सचिव

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सांचौर**

क्रमांक- अअ/सांचौर/2024-25/1459 दिनांक-16.10.2024

**अल्पकालिन निविदा सूचना संख्या- 11 वर्ष 2024-25**

**NIB NO. : PWD2425A2287**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से Mtc of various BT roads under Risk & Cost व अन्य सड़क मरम्मत कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में कार्य जिनकी लागत राशि रू. 117.90 लाख है के लिए ईटेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन निविदा आवेदन डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख | 18 अक्टूम्बर 2024, 9.30 बजे से 24 अक्टूम्बर 2024, सायं 06.00 बजे तक |

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाइन सम्पादित की जायेगी। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट पर http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। कार्यवाही यू.बी.एन संख्या निम्नानुसार है।

UBN NO. 1. PWD2425WSOB08495, PWD2425WSOB08498, PWD2425WSOB08499, PWD2425WSOB08500, PWD2425WSOB08501, PWD2425WSOB08502, PWD2425WSOB08503, PWD2425WSOB0804, PWD2425WSOB0805, PWD2425WSOB0807, PWD2425WSOB0809

(ओम प्रकाश)
अधिशाषी अभियन्ता,
DIPR/C/10271/2024 सा.नि.वि. खण्ड सांचौर

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, वृत्त-धौलपुर**

क्रमांक-1674-86 दिनांक-17.10.2024

**निविदा सूचना संख्या - 02/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला धौलपुर में वर्षा से क्षतिग्रस्त विभिन्न सड़कों एवं पुलियाओं का स्थाई पुनरूद्धार कार्य (दोष निवारण अवधि 5 वर्ष सहित) उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्रीय सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के विभिन्न सक्षम श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट "www.eproc.rajasthan.gov.in" एवं "www.eproc.rajasthan.gov.in" पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट "www.eproc.rajasthan.gov.in" पर रजिस्टर करवाना आवश्यक है।

| Package No. | NIB NO. | UBN NO. |
|---|---|---|
| RJ-13-01/SDRF/2024-25 Under Dn. Dholpur | PWD2425A2276 | PWD2425WSOB08466 |
| RJ-13-02/SDRF/2024-25 Under Dn. Dholpur | PWD2425A2276 | PWD2425WSOB08467 |
| RJ-13-03/SDRF/2024-25 Under Dn. Dholpur | PWD2425A2276 | PWD2425WSOB08468 |
| RJ-13-04/SDRF/2024-25 Under Dn. Dholpur | PWD2425A2276 | PWD2425WSOB08469 |
| RJ-13-05/SDRF/2024-25 Under Dn. Dholpur | PWD2425A2276 | PWD2425WSOB08470 |
| RJ-13-06/SDRF/2024-25 Under Dn. Bari | PWD2425A2276 | PWD2425WSOB08471 |
| RJ-13-07/SDRF/2024-25 Under Dn. Bari | PWD2425A2276 | PWD2425WSOB08472 |
| RJ-13-08/SDRF/2024-25 Under Dn. Bari | PWD2425A2276 | PWD2425WSOB08473 |
| RJ-13-09/SDRF/2024-25 Under Dn. Rajakhera | PWD2425A2276 | PWD2425WSOB08474 |
| RJ-13-10/SDRF/2024-25 Under Dn. Rajakhera | PWD2425A2276 | PWD2425WSOB08475 |

अधीक्षण अभियन्ता
DIPR/C/10248/2024 सा.नि.वि. वृत्त धौलपुर

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खण्ड राजाखेडा**

क्रमांक-1083-96 दिनांक-17.10.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या- 03/2024-25**

**NIB CODE PWD2425A2266 and UBN IS: PWD2425WSOB08441, PWD2425WSOB08442**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड राजाखेडा जिला धौलपुर में सडक एवं पुलिया मरम्मत कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों, राज्य सरकार के अन्य विभागों में पंजीकृत "एए", "ए", "बी", "सी" एवं "डी" श्रेणी संवेदकों एवं केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "एए", "ए", "बी", "सी" एवं "डी" श्रेणी संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण बेवसाई "www.eproc.dipronlineorg" व http://www.pwd.rajasthan.gov.in/, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं "www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. सं. | मुख्यालय का नाम | कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड राजाखेडा |
|---|---|---|
| 1 | निविदा का कार्य | पुलिया स्थाई मरम्मत कार्य |
| 2 | निविदा की कुल लागत | रु. 77.70 लाख |
| 3 | निविदा शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क एवं धरोहर राशि जाम कराने की प्रक्रिया | वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्र प.(5)/वित्त/साविलेनि/2018 दिनांक 27.04.2020 के अनुसार ई-ग्रास चालान पर ऑनलाईन एक ही चालान द्वारा निम्न बजट मद में जमा करानी है। 1. निविदा शुल्क 0075-00-800-52-01 2. प्रोसेसिंग शुल्क 8658-00-102-(16)-(02) (निर्माण विभाग) (RISL Fees) 3. धरोहर राशि 8443-00-108-00-00 |
| 4 | निविदा आवेदन/डाउनलोड करने की तारीख (वेबसाइट पर) | दिनांक 21.10.2024 प्रात 11.00 बजे दिनांक 04.11.2024 सायं 6.00 बजे तक |
| 5 | निविदा फार्म जमा कराने की तारीख (वेबसाइट पर) | दिनांक 21.10.2024 प्रात 11.00 बजे दिनांक 04.11.2024 सायं 6.00 बजे तक |
| 6 | निविदा खोलने की तारीख (वेबसाईट पर) | दिनांक 05.11.2024 सायं 04.00 बजे |

(डी.के. गुप्ता)
अधिशाषी अभियन्ता
DIPR/C/10214/2024 सा.नि.वि. खण्ड राजाखेडा

**कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर**

क्रमांक :- राजकाज 11297016 दिनांक :- 21/10/2024

**निविदा सूचना संख्या :- जोन पीएचई/05/2024-25**

जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से निम्न कार्य से संबंधित संस्थान/फर्मो/व्यक्ति/विक्रेता से निर्धारित प्रपत्र मे ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रकिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इन कार्यो की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, निविदा, शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in, www.jodhpurjda.org, www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB CODE :- JOD2425A0089
Tender ID/UBN No. :- JOD2425WSOB00186

राज.संवाद/सी/24/6838 अधिशाषी अभियंता (पीएचई)

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIV. MANDRAIL**

File No. 720 Date: 17.10.2024

**Notice Inviting Bid**

Bid (E-NIT No. 03/2024-25) for "Remaining work of Rehabilitation of Rural Roads (MDR,ODR & VR) Under RIDF-26 Package No. RJ-22- 06/2020-21 in Distt. Karauli" are invited from Registard & Interested bidders up to 6.00 PM on 05.11.2024. procurement portal (http://eproc. rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state departmental website may be Visited for Other Details of Bid. The approximate value of the procurement is Rs. 45.04 lacs.

NIB CODE: PWD2425A2285
UBN CODE: PWD2425WSOB08494

(Neelam Kumari Meena)
Executive Engineer
DIPR/C/10265/2024 PWD Division Mandrail

## एस.डी.एम ने किया सी.एच.सी का किया निरीक्षण

**रूपवास** । कस्बे के स्टेशन रोड़ स्थ्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का एसडीएम विष्णु बंसल ने औचक निरीक्षण कर चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लेकर मरीजों को सरकार द्वारा दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही चिकित्साकर्मियों से मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु चलाए जा रही विभागीय गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में हो रही गंदगी को लेकर नाराजगी जताते हुए सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के बीसीएमओ को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम विष्णु बंसल ने सामान्य वार्ड,प्रसूति वार्ड, लेबर रूम, वैक्सीनेशन रूम, एक्स - रे कक्ष, दवाई भण्डारण,दवा कक्ष का निरीक्षण कर मरीजों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में बीसीएमओ से जानकारी लेकर उपस्थिति रजिस्ट्रर की जांच कर कार्मिकों की उपस्थिति देखी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम विष्णु बंसल ने मौसमी बीमारियों व डेंगू के बारे में जानकारी लेकर इनकी रोकथाम के लिए चलाई जा रही गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। इसके अलावा एसडीएम ने बीसीएमओ को एंटी लार्वा एक्टीविटीज करवाने के निर्देश दिए। वहीं बीसीएमओ लखन चौधरी ने एसडीएम को सीएचसी पर चिकित्सकों की कमी व अन्य समस्याओं से अवगत कराया।

# धनतेरस-दीपावली से पहले शुभ खरीददारी के लिए बन रहा विशेष योग


गंगापुर सिटी मे दीपावली से पहले सजी दुकान।

**गंगापुर सिटी** । दीपावली को लेकर बाजार में तैयारियां शुरू हो गई हैं। ग्राहकों को खरीदारी के लिए कई जगहों पर आकर्षक ऑफर के साथ गिफ्ट भी दिए जा रहे हैं। दीपावली पर खरीदारी की शुरुआत गुरु पुष्य नक्षत्र यानी 24 अक्टूबर (गुरुवार) से होगी। इस दिन से लेकर 3 नवंबर तक खरीदारी के कई शुभ संयोग बन रहे हैं। इस मौके पर राशि के अनुसार खरीदारी कर लाभ पा सकते हैं। धनतेरस (29 अक्टूबर) से पहले खरीदारी का बडा मुहूर्त 24 अक्टूबर को है। इस दिन खरीदारी के लिए विशेष अमृताशं योग बन रहा है। इस दिन सोने-चांदी के गहने, सिक्के, बर्तन, जमीन, घर और वाहनों से लेकर इलेक्ट्रिक सामान की खरीदारी करना बेहद शुभ माना जाता है। ज्योतिषाचार्यो के मुताबिक 24 अक्टूबर को पूरे दिन खरीदारी के लिए शुभ मुहूर्त है। इस दिन खरीदारी करना बेहद शुभ और फलदायी है। 24 अक्टूबर को गुरूवार को सुबह 6.16 बजे से गुरू पुष्य नक्षत्र का संयोग बन रहा है जो कि शुक्रवार को सुबह 7.4० मिनट पर खत्म होगा। इस लिए 24 अक्टूबर को सम्पूर्ण दिन व रात खरीददारी के लिए मुहूर्त है। ज्योतिषाचार्य प्रो. विनोद शास्त्री ने बताया कि दीपावली पर खरीदारी की शुरुआत गुरु पुष्य नक्षत्र से ही होती है। इस बार गुरु पुष्य नक्षत्र 24 अक्टूबर को है। यह नक्षत्रों का राजा, ब्रह्म स्वरूप और स्वामी है। इस बार पुष्य नक्षत्र बहुत खास है, जो 24 अक्टूबर को सूर्योदय से पहले शुरू हो जाएगा और पूरे दिन रहेगा। इस बार गुरु पुष्य नक्षत्र पर एक और विशेष संयोग का निर्माण हो रहा है। गुरुवार के दिन पुष्य नक्षत्र आता है तो यह विशेष अमृताशं योग बन जाता है। यह योग विशेष तौर पर खरीदारी और नए काम को शुरू करने के लिए एक अबूझ मुहूर्त की तरह होता है। इसलिए दीपावली से पहले गुरु पुष्य नक्षत्र में बहीखाते, बर्तन, ज्वेलरी और वाहन आदि खरीदे जाते हैं। ज्योतिषाचार्य प्रो. विनोद शास्त्री के अनुसार इस नक्षत्र के साथ ही दीपावली का आगाज हो जाता है। इस बार 6 दिन का दीपोत्सव रहने वाला है। जो 29 अक्टूबर से शुरू होकर 3 नवंबर तक है। कुछ ऐसे संयोग हो रहे हैं कि दो दिन दीपावली मनाई जा सकती है।

■ ज्योतिषाचार्यो के मुताबिक 24 अक्टूबर को पूरे दिन खरीदारी के लिए शुभ मुहूर्त है।

ऐसी स्थिति में मांगलिक वस्तुओं को खरीद कर लाया जाता है। क्योंकि, नए पदार्थ और धातुओं के गहने, बर्तन और बहीखाते पूरे साल हमें श्रेष्ठ फल की प्राप्ति हो, इसके लिए महत्वपूर्ण माने जाते हैं।

वहीं इस बार 29 अक्टूबर को धनतेरस और धन्वंतरि जयंती दोनों हैं। इस दिन बहीखाते, कपडे, वाहन, धातु आदि की खरीदारी की जाती है। क्योंकि, पृथ्वी महालक्ष्मी का स्वरूप है। इसलिए पृथ्वी से प्राप्त धातु, सोना, चांदी, लोहा, मिट्टी ये सब पृथ्वी के ही प्रतिनिधित्व हैं। इसलिए धनतेरस और दीपावली के अवसर पर सोने-चांदी के गहने, सिक्के, बर्तन और वाहन खरीद सकते हैं। आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं हो तो मिट्टी के बर्तन की खरीदारी कर सकते हैं। ये सब लक्ष्मी पूजन के लिए श्रेष्ठ होते हैं। लक्ष्मी सभी से प्रसन्न रहती है। अपनी सामर्थ्य जैसी हो, वैसी धातु के बर्तन, वस्त्र और अन्य वस्तुओं की खरीदारी करनी चाहिए। जब हम लक्ष्मी की पूजा करें, तब उन पात्रों, सिक्कों की पूजा करें। धनतेरस के दिन पूजा करने के लिए इन सब वस्तुओं की खरीदारी की जाती है। साथ ही सूर्यास्त के बाद प्रदोष काल में दीप जलाकर लक्ष्मी पूजन का आगाज किया जाता है।

## सार-समाचार

### आरोग्य सप्ताह का शुभारंभ आज से



**भरतपुर ( निस )**। आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं आयुर्वेद विभाग राजस्थान सरकार के निर्देशन में राजकीय आयुर्वेद एवं योग प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय भरतपुर द्वारा 29 अक्टूबर को 9वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर आयोजित धन्वंतरि महोत्सव के उपलक्ष्य में सात दिवसीय आरोग्य सप्ताह कार्यक्रम के पम्पलेट का विमोचन प्राचार्य एवं अधीक्षक डॉ रीना खंडेलवाल उपाधीक्षक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित की मौजूदगी में किया गया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित ने बताया कि बुधवार 23 तारीख को महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद विषय पर विभिन्न बालिका विद्यालयों में व्याख्यान एवं दूसरे दिन गुरुवार को केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के साथ औषधीय पौधों का अवलोकन एवं कार्यशाला का आयोजन एवं तीसरे दिन शुक्रवार को कार्यस्थल स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद के माध्यम से अधिकारी कर्मचारियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने हेतु काउंसिलिंग एवं चौथे दिन शनिवार को आयुर्वेद महाविद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा प्रकृति परीक्षण शिविर एवं पांचवें दिन सोमवार को आयुर्वेद आहार विषयक नवाचार जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में आयोजित कर 29 अक्टूबर को चिकित्सालय परिसर में श्री धन्वंतरि जयंती समारोह एवं आरोग्य सप्ताह का समापन किया जाएगा। साथ ही आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संबंधित जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में आयुर्वेद का समर्थन करता हूं एवं सेल्फी अभियान भी चलाया जाएगा।

### विधायक नोक्षम चौधरी का जन्मदिन मनाया

**कामां भरतपुर ( निस )**। कामां विधानसभा क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक नोक्षम चौधरी का मंगलवार को कामां विधानसभा क्षेत्र में जगह-जगह मनाया गया व बड़ी बड़ी धूमधाम के साथ जन्मदिन मनाया गया। विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़े हर्षोल्लास से विधायक नोक्षम चौधरी का जन्मदिन मनाया। विधायक नोक्षम चौधरी के जन्मदिन पर सर्वप्रथम कामां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रसुता महिलाओं व मरिजो के लिए फल वितरण कर व तीर्थराज विमल कुंड पर पहुचकर गौशाला में गायों के लिए गुड़ खिलाकर जन्म दिन मनाया गया। सोशल मीडिया सहित दूरभाष के माध्यम से विधायक नोक्षम चौधरी को विधानसभा क्षेत्र के क्षेत्र वासियों ने जन्मदिन की शुभकामनाएं व बधाई दी। साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर विधायक नोक्षम चौधरी का मनाया जन्मदिन। पंचायत समिति कामां पर ग्राम पंचायत सरपंच अकाता के सरपंच अमरसिंह जाटव के निर्देशन में सरपंच प्रतिनिधि मुनेश जाटव ने मिठाई बांटकर व आतिशबाजी कर विधायक नोक्षम चौधरी का जन्मदिन मनाया साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की व स्वस्थ रहने की मनोकामना की।

### दीया मेकिंग एक्टिविटी मनायी

**भरतपुर ( निस )**। विवेकानन्द प्ले स्कूल में डेकोरेट योर ऑन दियाज (अपनें दीयों को सजाना) की थीम पर सभी बच्चों से दीया मेकिंग एक्टिविटी करवायी गयी। सभी बच्चों को दीपावली के दीये सजाने के गुर सिखाये गये। दीये सजाने के लिए सभी बच्चों से मिट्टी के दीये, फेवीकॉल, सितारे, मोती, सीक्वेन्स, स्टोन आदि के प्रयोग से दीये बनबाये गये। दीया मेकिंग एक्टिविटी में सर्वप्रथम मिट्टी के दीयो पर कलर करवाया गया एवं दीयों को सूखने के बाद उन पर सभी बच्चों से फेवीकॉल की सहायता से स्टोन, भुड़भुड़, सितारे, मोती आदि लगाकर सजाया गया तथा सभी बच्चों को मिट्टी से दीये बनाने की विधि को समझाया गया। यह भी बताया गया कि कुम्हार को मिट्टी के दीये बनाने के लिए बहुत मेहनत करनी पडती है तथा और यह भी बताया कि दीया बनाने की विधि कितनी जटिल है। विद्यालय की शिक्षिकाएँ आरती खण्डेलवाल, शगुन, मनीषा, रेनू तोमर, मंजू सोनी, आरती शर्मा, रेनू जैन, निशा आदि ने सभी बच्चों की दीया बनवाने में मदद की एवं दीया बनाने कें विभिन्न तरीके समझाये। कार्यक्रम के अन्त में कार्यक्रम की संयोजिका ज्योति आर्य ने सभी बच्चों को मिट्टी के दीये, मोमबत्ती खरीदकर दीपावली मनाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि हमारे दीये खरीदने से ही गरीब परिवारों को रोजगार मिलता है तथा उनके जीवन में खुशियॉ आती है। कार्यक्रम की संयोजिका ज्योति आर्य ने सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ दी तथा सभी को कार्यक्रम के उत्कृष्ट सयोंजन के लिए धन्यवाद प्रेषित किया।

### वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**भरतपुर ( निस )**। वर्तमान में भारत सरकार के स्वच्छता ही सेवा एवं बैंक के सेव अर्थ फॉर बेटर टोमोरो के आ ान पर बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय भरतपुर में पर्यावरण सरक्षण सरकारों से ज्यादा नागरिक जिम्मेदार विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में शहर के मुख्य विद्यालयों यथा मथुरा प्रसाद प़ोद्दार आदर्श विद्या मंदिर, उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मिंदर केशव नगर एकला मन्दिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, डॉ यशपाल उर्मिलेश आर्य, आदर्श विद्या मन्दिर बालिका विद्यालय, बाबा सुग्रीव विद्यापीठ, एवं भगत सिंह मॉडर्न माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विषय के पक्ष और विपक्ष में अपने विचार रखे। इस प्रतियोगिता में पलक सिंह ;कला मन्दिर उच्च माध्यमिक विद्यालय, भरतपुरद्ध द्वारा प्रथम स्थान दिव्यांशु शर्मा उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मिंदर केशव नगर भरतपुरद्ध द्वारा द्वितीय स्थान एवं हर्षित अग्रवाल मथुरा प्रसाद प़ोद्दार आदर्श विद्या मंदिर भरतपुर द्वारा तृतीय स्थान प्राप्त किया गया। सभी विजेताओं का क्षेत्रीय प्रबंधक सुनील कुमार अग्रवाल द्वारा नकद राशि, प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन प्रशांत पाराशर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य प्रबधक जेपी यादव द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### बीईएसएल की जनसुनवाई का आयोजन

**भरतपुर ( निस )**। मंगलवार को बिजली घर चौराहा स्थित भरतपुर इलेक्ट्रिसिटी सर्विसेज लिमिटेड के सब-डिविजनल कार्यालय बिजली घर पर सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें बीईएसएल के आलाधिकारी मौजूद रहे। बीईएसएल के जनसंपर्क अधिकारी सुधीर प्रताप सिंह ने बताया कि भरतपुर शहर के सिर्फ 10 उपभोक्ता ही बिजली से संबंधित अपनी शिकायतें लेकर जनसुनवाई में पधारे। ज्यादातर उपभोक्ता विद्युत बिल में किश्त करवाने, विद्युत् लाइन में आ रहे पेड़ों की छंटाई कराने और नया विद्युत् कनेक्शन लेने हेतु पधारे। उन्होंने बताया कि ज्यादातर परिवादों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया।

## फिट इण्डिया फ्रीडम रन का आयोजन 25 को

**भरतपुर( निस )**।फिट इण्डिया फ्रीडम रन 5 के तहत जिलेभर में दौड़ एवं अन्य गतिविधियां आयोजित की जायेगी तथा सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयन्ती पर एकता दौड के साथ कार्यक्रमों का समापन होगा। जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव ने बताया कि इस बार स्वच्छता एवं स्वास्थ्य की थीम पर फिट इण्डिया फ्रीडम रन का आयोजन किया जायेगा। जिसमें जिलेभर में ग्राम पंचायत से लेकर जिला मुख्यालय तक दौड़ के कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर 22 अक्टूबर को दौड आयोजित की जा चुकी है। 23 अक्टूबर को सभी पंचायत समिति व नगर पालिका मुख्यालयों पर दौड आयोजित की जायेगी तथा जिला मुख्यालय पर 25 अक्टूबर को दौड़ का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि दौड में जन प्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्ति, खिलाडियों, समस्त राजकीय कर्मचारी, महिलाऐं, छात्र-छात्राऐं, प्रतिष्ठित व्यक्ति, एनजीओ, ट्रस्ट, स्वच्छता व स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाऐं, व्यापारी, स्थानीय नागरिक, प्रबुद्ध जन को भाग लेने के लिए अनुरोध किया गया है। जिला कलक्टर ने बताया कि 25 अक्टूबर को आयोजित होने वाली दौड़ प्रातः 6 बजे विश्वप्रिय शास्त्री पार्क के मुख्यद्वार से सलूजा नर्सिंगहोम होते हुए अम्बेडकर पार्क के सामने समापन होगी जिसमें लगभग 10 हजार संभागी भाग लेंगे। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को दौड़ में स्टाफ सहित शामिल होकर फिट इण्डिया पोर्टल पर पंजीयन कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया कि दौड़ में भाग लेने वाले प्रत्येक संभागी को भारत सरकार के फिट इंडिया पोर्टल से ऑनलाइन प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जायेगा।

## लेफ्टिनेंट रैंक प्रदान की

**भरतपुर ( निस )**। महारानी श्री जया राजकीय (एम एस जे) महाविद्यालय, भरतपुर के जूलॉजी विभाग के सहायक आचार्य डॉ भूपेंद्र कुमार वर्मा को आफिसर ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए), नागपुर, महाराष्ट्र से प्री-कमीशन कोर्स पूरा करने के बाद लेफ्टिनेंट रैंक प्रदान की गई है।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ हरवीर सिंह ने डॉ वर्मा को बधाई दी और बताया कि डॉ भूपेंद्र कुमार वर्मा 3 राज आर्टरी बैटरी एनसीसी (आर्मी विंग), भरतपुर के एसोसिएट एनसीसी अधिकारी हैं जिन्होंने ओटीए, नागपुर से तीन माह की कठोर ट्रेनिंग जिसमें हथियार ट्रेनिंग, फील्ड एवं बैटल क्राफ्ट, डीएसटी एवं हथियार ड्रिल टेस्ट, फिजिकल ट्रेंनिंग टेस्ट, ट्रैकिंग, एनसीसी से संबंधित परीक्षा, इत्यादि को सफलतापूर्वक पास करने के बाद प्री-कमीशन कोर्स पूरा किया है और लेफ्टिनेंट पद से सम्मानित किया गया है।

## 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ को लेकर भूमि पूजन कार्यक्रम हुआ

**भरतपुर( निस )**।गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार के तत्वाधान में आयोजित 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ बाबैन में 14 नवम्बर से 17 नवम्बर तक हो रहा है।

जिसका भूमि पूजन कार्यक्रम 2 अक्टूबर को यज्ञ शाला स्थल बाबैन मे रश्मि फौजदार प्रधान पंचायत समिति कुम्हेर प्रताप सिंह महरावर नेता प्रति पक्ष के मुख्य आथित्य में सम्पन हुआ। कार्यक्रम में शान्ति कुंज हरिद्वार के प्रतिनिधित्व के रुप में गौरी शंकर सैनी प्रभारी राजस्थान जोन जेपी चौधरी सहायक समन्वयक विमला अरोड़ा, रमेश चंद्र पाराशर ट्रस्टी गायत्री तपोभूमि मथुरा की अध्यक्षता में तथा सरोज गुप्ता मुख्य प्रबन्ध ट्रस्टी अलवर एवं संस्कार प्रभारी राजस्थान रवि सिंह इंदौलिया की गरिमामयी उपस्थिति थी।

■ गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार के तत्वाधान में आयोजित 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ बाबैन में 14 नवम्बर से 17 नवम्बर तक हो रहा है

इस अवसर पर पांच कुण्डी यज्ञ का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में देवेंद्र गुप्ता चामड मुख्य प्रबन्ध ट्रस्टी भरतपुर, नरेन्द्र जोशी उपजोन प्रभारी सुरेश पाराशर, तारा चन्द शर्मा डीग, भरत सिंह कुम्हेर, ज्ञानेन्द्र अलवर, चरण सिंह, डा भगवान सिंह, डा सुशील पाराशर, हीरा लाल सोनी, बहादुर सिंह सोलकी, श्याम सुन्दर शर्मा कुम्हेर, डा गिरीश शर्मा, खूबी राम, मुन्नी लाल, मुकेश हिंडौन आदि हजारों कार्यकर्ता व स्थानीय भाई, शक्ति स्वरूपा मातृ शक्ति उपस्थित थी।

मुख्य अतिथि रश्मि फौजदार ने यज्ञ के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उपस्वास्थ्य केंद्र बाली सीसी सड़क निर्माण हेतु दस लाख रुपए देने की घोषणा की साथ ही प्रताप सिंह महरावर ने अपनी पेंशन में से इस प्रोग्राम के लिए एक लाख रुपए की घोषणा की। अंत में श्याम सुन्दर ने सभी का आभार व्यक्त कर यज्ञ में सम्मिलित होने तथा यथा सम्भव समयदान, अंशदान की अपील की।

## व्यापारियों के नुकसान की भरपाई करने की मांग

**भरतपुर ( निस )**। जिला कांग्रेस कमेटी भरतपुर के अध्यक्ष दिनेश सूपा सहित समस्त कांग्रेसी पदाधिकारीयो ने जिला प्रशासन से तेज बारिश एवं अंधड़ के कारण श्री जसवंत प्रदर्शनी एवं पशु मेला स्थल हीरादास पर व्यापारियों के हुए नुकसान की भरपाई करने की मांग की है। जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि कल शाम तेज बारिश एवं अंधड़ से मेले में व्यापारियों के त्रिपाल तथा टीनशेड उड़ गए एवं दुकानों में पानी भर गया तथा एक बड़ा झूला भी गिर गया था। जिससे व्यापारियों विशेषकर खजला, खोमचा, सॉफ्टी तथा फुटपाथ पर बैठकर धंधा करने वाले छोटे व्यापारियों का अत्यधिक नुकसान हुआ है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा ने कहा कि यह ऐतिहासिक मेला राजशाही समय से आयोजित होता आ रहा है। जिसमें केवल राजस्थान ही नहीं बल्कि अन्य प्रान्तों से भी छोटे और बड़े व्यापारी धंधा करने आते हैं। सूपा ने कहा कि यदि प्रशासन ने व्यापारियों को सहायता प्रदान नहीं की तो भविष्य में लगने वाले इस जसवंत प्रदर्शनी मेले में व्यापारियों का आना कम हो जाएगा। इसलिए मेले का स्वरूप एवं गरिमा निरंतर बनी रहे, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापारियों से लिया गया दुकानों का किराया माफ करके इनके हुए नुकसान की उचित भरपाई करनी चाहिए। इसके अलावा कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा एवं समस्त पदाधिकारीयों ने जिला प्रशासन से उन सभी संबंधित दोषी अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई करने की मांग की है, जिन्होंने लापरवाही पूर्वक बिना जांच किये बड़े झूलों तथा अन्य आयोजनों के लिए स्वीकृति प्रदान की है। प्रशासन से सहायता की मांग करने वालों में मुख्य रूप से चुन्नी कप्तान, जगदीश बंजी, शहीद खान सहित काफी संख्या में कांग्रेसजन शामिल थे।

## उपडाकघर में बनाए जा रहे आधार कार्ड

**हिंडौन सिटी** । शहर के मुख्य बाजार में स्थित महावर धर्मशाला में मंडी उपडाकघर में आधार का कार्य किया जा रहा है ।उपडाकपाल अमित कुमार ने बताया कि मंडी उपडाकघर में नए आधार कार्ड फ्री में बनाए जा रहे है और आधार अपडेशन 100 रुपए शुल्क के साथ किया जा रहा है, साथ ही डाक विभाग की सभी योजनाओं जैसे बचत बैंक, आवर्ती जमा,सुकन्या समृद्धि,वरिष्ठ नागरिक बचत योजना,मासिक आय योजना,1, 2 ,3 ओर 5 वर्षीय सावधि जमा,किसान विकास पत्र,राष्ट्रीय बचत पत्र ओर महिला सम्मान बचत पत्र का कार्य संतोष जनक तरीके से किया जाता है।

## शिविर का आयोजन

**भरतपुर ( निस )**। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के एक्शन प्लान की अनुपालना में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर की अध्यक्षता में आर्य विद्यापीठ महिला टीटी कॉलेज, भुसावर में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भरतपुर अनुतोष गुप्ता द्वारा उपस्थित छात्राओं को कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न का वास्तविक अर्थ समझाते हुए इस संबंध में उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहनें एवं अन्य महिलाऐं जो उनके संपर्क में आती हैं, को भी इस संबंध में जागरूक करने हेतु प्रेरित किये जाने हेतु विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई। साथ ही निःशुल्क विधिक सहायता, कानूनी प्रक्रिया, नकल न करना, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, महिला सषक्तिकरण, बिना लाइसेन्स वाहन न चलाना, टैफिक नियम आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के बारे में बताया एवं उनकी समस्याओं का निराकरण किया। शिविर में असिस्टेंट लीगल डिफेन्स काउन्सिल अधिवक्ता नीरज शर्मा द्वारा उपस्थित छात्राओं को कन्या भ्रूण हत्या पूर्व गर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम 1994, नालसा स्कीम, पोक्सो एक्ट, गुड टच बैड टच, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, महिलाओं के अधिकार आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शिविर के अंत में कॉलेज की व्याख्याता राजश्री द्वारा सभी छात्राओं का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## भरतपुर में वृद्धजनों का सम्मान किया



**भरतपुर ( निस )**। लायंस क्लब भरतपुर ब्रज द्वारा स्थानीय एक होटल में वृद्धजन सम्मान, सेवा सप्ताह समापन एवं दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि प्रवीण फौजदार रीजन चेयरपर्सन, विशिष्ट अतिथि डॉ जनक बाबू शर्मा जोन चेयरपर्सन, प्रेम पाल सिंह रीजन एडमिनिस्ट्रेटर, रामकुमार गुप्ता मुख्य वक्ता एवं सतीश मित्तल अध्यक्ष ने गणेश जी के समक्ष द्वीप प्रज्वलित करके की।

ध्वज वंदना, 2 मिनट शांति के लिए मौन एवं राष्ट्रगान के उपरांत क्लब सदस्यों के 27 वृद्धजनों का अतिथियों द्वारा माल्यार्पण, शाल, शहद एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मान किया गया।

अध्यक्ष सतीश मित्तल द्वारा सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया एवं अपने स्वागत भाषण में 2 अक्टूबर 2024 से 8 अक्टूबर 2024 तक आयोजित किए सेवा सप्ताह के अंतर्गत किए गए सेवा कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया एवं कहा की वृद्धजन बट वृक्ष के समान होते हैं उनके पास बैठने से शांति एवं संघर्षों से लड़ने की प्रेरणा मिलती है।

मुख्य वक्ता रामकुमार गुप्ता सहायक प्रांत पाल ने लायस क्लब एवं इसके द्वारा किए जाने वाले सेवा कार्यों पर प्रकाश डाला। बच्चों द्वारा एवं मातृशक्ति द्वारा नृत्य एवं गायन प्रस्तुत किए गए। अध्यक्ष द्वारा सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए। कार्यक्रम में योगेश गोयल, विनीत सिंह, नगेंद्र सिंघल, विजय गोयल, संजीव पोद्दार, कृष्ण भगवान गोयल, राजेश्वर सिंह, ओपी सिंघल, ओम प्रकाश गुप्ता, शरद बंसल, राकेश मित्तल, प्रमेद्र गुप्ता, हेमंत बंसल, सुनील गुप्ता, विष्णु मित्तल, मुकुल गोयल, राजेंद्र बंसल आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विपिन गर्ग एवं केके सिंघल द्वारा किया गया।

## दो दर्जन ग्राम वासियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया

**भरतपुर ( निस )**। मंगलवार को रूपवास थाना क्षेत्र के गांव सिंघाडा निवासी मेघ सिंह ने करीब दो दर्जन ग्राम वासियों के साथ जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर गांव में दूसरे पक्ष के द्वारा लाठी के दम पर जबरन खेत में जोत करने की शिकायत देते हुए कार्यवाही की मांग की।

ज्ञापन में बताया कि उनके परिवार की गांव में 32 हैक्टेयर जमीन है। जिस पर करीब 15 वर्ष से फसल को उपयोग में लेते चले आ रहे है। खेत पर तारबंदी भी करा रखी है। जिस पर गांव का दूसरे पक्ष के निर्भय अतिक्रमण करना चाहता है।

जिसे लेकर उसने दो जुलाई को धमकी भी दी थी। जिस पर उपजिला कलेक्टर बयाना में मेघ सिंह के परिवार ने दावा प्रस्तुत किया। जिस पर आठ जुलाई को निर्भय पक्ष को पाबंद किया गया था। लेकिन इसके बावजूद निर्भय पक्ष ने चार अक्टूबर को लाठियों के दम पर कब्जा करने की धमकी दी।

जिसे लेकर पुलिस थाना रूदावल में शिकायत दी गई। जिसके बाद भी निर्भय पक्ष के करीब सौ लोगों ने लाठी डण्डों के दम पर खेतों की तारबंदी को तोडकर ट्रेक्टर चलाकर उनके खेत को जोत दिया और मना करने पर जान से मारने की धमकी दी। जिससे गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर इस मामले में कार्यवाही कराकर न्याय दिलाने की मांग की गई है।

## लोकमाता अहिल्याबाई की 300 वीं जन्म जयंती मनाई


लोकमाता अहिल्याबाई की 300 वीं जन्म जयंती मनाई ।

**भरतपुर ( निस )**। लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन चरित्र प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणादायक एवं अनेक भ्रांतियां को दूर करने वाला है।

आज से 300 साल पहले लोकमाता अहिल्याबाई ने अपने व्यक्तित्व के द्वारा नारी का जो चरित्र प्रस्तुत किया वह आज अनेक भ्रांतियां के निवारण करने वाला है, ये विचार उत्कर्ष विभाग प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने व्यक्त किये। वे यहां महारानी श्री जया महाविद्यालय भरतपुर में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उच्च शिक्षा राजस्थान की कॉलेज इकाई द्वारा आयोजित लोकमाता अहिल्याबाई की 300 वीं जन्म जयंती समारोह के क्रम में आयोजित व्याख्यान वाला में मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे।

कार्यक्रम के आरंभ में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उच्च शिक्षा राजस्थान के विभाग सहसंयोजक डॉ योगेंद्र भानु ने संगठन का परिचय देते हुए बताया की अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ अखिल भारतीय स्तर पर शिक्षकों का संगठन है। जिसके लगभग 12 लाख सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि यह संगठन अपने सदस्यों के हित संरक्षण के साथ समाज एवं राष्ट्र के उत्थान की भी चिंता करता है। कार्यक्रम का आरंभ जिला अध्यक्ष डॉ मानवेंद्र चतुर्वेदी, महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर हरवीर सिंह एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता उत्कर्ष द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। प्राणी शास्त्र विभाग की छात्राओं प्रियांशी गुप्ता एवं दीपाली गुप्ता द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में अतिथि परिचय प्रोफेसर मुकेश यादव उपाध्यक्ष एवीआरएसएम उच्च शिक्षा राजस्थान द्वारा प्रदान किया गया।

## जमीनी को लेकर विवाद में हुआ पथराव

**भुसावर ( निस )**। स्थानीय थाने के गांव इटामडा में सोमवार को खेत की मेड को लेकर दो पक्ष आमने सामने हो गए। दोनों पक्षों की ओर से आपस में एक दूसरे पक्ष ने पथराव करना शुरू कर दिया। जमीनी विवाद में दोनों पक्षों की ओर से हुए लाठी भाटा जंग और पथराव में एक जना चोटिल हो गया। जिसको नजदीकी अस्पताल भुसावर में भर्ती कराया गया। दोनों ओर से हुए इस पथराव में एक ट्रेक्टर और कार के शीशे टूट गए। गांव ईटामडा दो पक्षों में खूनी संघर्ष और पथराव होने की सूचना पर तुरंत भुसावर से पुलिस का जाप्ता घटना स्थल पर गया।

**पश्चिम मध्य रेल**
**कोटा मंडल-सिविल इंजीनियरिंग (गति शक्ति यूनिट) ई-निविदा सूचना**
भारतसंघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से उप मुख्य अभि. ( गति शक्ति यूनिट) पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा गति शक्ति यूनिट कोटा के लिए आमंत्रित है :- **टेन्डर संख्या**-जी.एस.यू.-कोटा-08-2024, **कार्य का विवरण**-हिण्डौन सिटी : डेवलपमेंट ऑफ इन्फ्रास्ट्रक्चर एट हिण्डौन सिटी (एचएएन) गुड्स शेड। **कार्य की लागत**-16,64,63,871.16 , **टेन्डर बन्द होने की तारीख**-12.11.2024। पूर्ण विवरण वेबसाईट www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई ई - निविदा में तथा उप मुख्य इंजीनियर (गति शक्ति यूनिट), मंडल रेल प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है। ऑफर सिर्फ ई-निविदा के माध्यम से ही स्वीकार किये जायेंगें। ई-निविदा के अतिरिक्त ऑफ लाईन / मैनुअल ऑफर के माध्यम से टेन्डर स्वीकार नहीं किये जायेंगें।
उप मुख्य अभि.( गतिशक्ति यूनिट )/कोटा
स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

## आतिशबाजी करने के संबंध मे आवश्यक दिशा निर्देश जारी

**करौली ( नि.स. )।** जिला मजिस्ट्रेट नीलाभ सक्सैना ने बताया कि दीपावली, गोवर्धन एवं भाई दूज के त्योहारों के दौरान आम नागरिकों विशेष कर बच्चें एवं युवाओं द्वारा आतिशबाजी की जाती है जिसके कारण आम नागरिकों के अमन चैन मे बाधा उत्पन्न हो सकती है।

उन्होंने बताया कि ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के संबंध मे गृह विभाग राजस्थान जयपुर के अनुसार एनसीआर क्षेत्र को छोडते हुए संपूर्ण राजस्थान मे केवल ग्रीन आतिशबाजी दीपावली के अवसर पर रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक चलाने की अनुमति प्रदान की गई है। जिला मजिस्टेट ने बताया कि पेट्रोल पंप, सिनेमाहॉल, बस स्टैण्ड, अस्पताल, विद्यालय, न्यायालय परिसर, गैसगोदाम, मुख्य बाजारों आदि सार्वजनिक स्थलों पर आतिशबाजी व पटाखों का प्रयोग करने पर पूर्णत प्रतिबंध रहेगा एवं अन्य स्थानों पर रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक आतिशबाजी की जा सकेगी।

उन्होने बताया कि यह आदेश 29 अक्टूबर से 13 नवम्बर तक प्रभावी रहेगा। किसी व्यक्ति द्वारा उक्त आदेश की अवहेलना करने पर राजस्थान ध्वनि नियंत्रण नियम 1963 की धारा 6 के अंतर्गत दंडनीय अपराध होगा तथा धारा 8 के अंतर्गत कार्यवाही की जायेगी।

# तंबाकू के सेवन से कई बीमारियां होती हैं : डॉ गौरव कपूर

**भरतपुर ( निस )।** मंगलवार को तंबाकू मुक्त यूथ कैपेन 2.0 के अंतर्गत संभाग स्तर की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला एसआरकेपीएस संस्था झुंझुनू के सहयोग द्वारा कराई गई। जिसकी अध्यक्षता संयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं जोन भरतपुर डॉ गौरव कपूर द्वारा की गई। निदेशालय स्तर से कार्यशाला में राज्य सलाहकार नरेंद्र सिंह एवं एसआरकेपीएस के डायरेक्टर राजन

- **तंबाकू मुक्त यूथ कैपेन 2.0 के अंतर्गत संभाग स्तर की कार्यशाला का आयोजन किया गया**

चौधरी मौजूद रहे। कार्यशाला में संभाग के जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, जिला औषधि नियंत्रक अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, सीओ जिला परिषद् व तंबाकू प्रकोष्ठ के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।




तंबाकू मुक्त यूथ कैपेन 2.0 के अंतर्गत संभाग स्तर की कार्यशाला का आयोजन किया गया ।

कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए संयुक्त निदेशक डॉ गौरव कपूर ने सभी को बताया कि तंबाकू के सेवन से कई बीमारियां होती हैं। तंबाकू खाने के कई गंभीर दुष्प्रभाव होते हैं जो स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल सकते हैं। कार्यशाला में तंबाकू से जुडे कई दुष्प्रभाव एवं आर्थिक एवं सामाजिक स्तर पर होने वाले नुकसान के बारे में बताया उन्होंने कहा कि तंबाकू के साथ साथ एवं कई तरीके के नशे आजकल की युवा पीढ़ी द्वारा किए जा रहे हैं जिन्हें रोकने के लिए पुलिस महकमा हमेशा से प्रयासरत रहा है उन्होंने बताया कि कोटपा अधिनियम के तहत पुलिस के द्वारा चालान की कार्रवाई की जाती है एवं ऐसी नशे का व्यापार करने वाली अवैध व्यावसायिक गतिविधियों को रोका जाता है।

सीईओ जिला परिषद करौली शिवचरण मीणा ने संबोधित करते हुए बताया कि युवाओं में नशे की लत बढ़ती जा रही इस का कारण सामाजिक दबाव दोस्तों के साथ घुलने मिलने या स्कूल में दिखने के प्रयास में कई युवा तम्बाकू का सेवन शुरू कर देते हैं। तनाव और चिंता आजकल की व्यस्त जीवनशैली और पढ़ाई या करियर से जुडे दबाव के कारण युवा तनाव का सामना करते हैं और इसे कम करने के लिए तम्बाकू का सहारा लेते हैं। तम्बाकू की लत से बचने के लिए जागरूकता फैलाना और सही समय पर हस्तक्षेप करना जरूरी है। स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम और काउंसलिंग सेवाएं भी मददगार साबित हो सकती हैं। निदेशालय स्तर से आए राज्य सलाहकार नरेंद्र सिंह द्वारा तंबाकू मुक्त यूथ कैंपियन 2.0 के बारे में विस्तार पूर्वक बताया एवं उन्होंने बताया कि इसके प्रचार प्रसार हेतु समाचार पत्र आदि में जागरूकता के साथ.साथ सोशल मीडिया के अंतर्गत भी तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभाव का प्रचार प्रसार किया जा रहा है उन्होंने संभाग स्तर पर सातों जिलों के अब तक तंबाकू मुक्त कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की। इसी के साथ एसआरकेपीएस संस्था के राजन चौधरी द्वारा तंबाकू मुक्त ग्राम पंचायत एवं तंबाकू उत्पाद बेचने हेतु वेंडर लाइसेंस के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इस मौके पर जिला तम्बाकू प्रकोष्ठ भरतपुर से डीपीओ नीरजा कुंतल, डीपीसी पुरूषोत्तम शर्मा, आईईसी समन्वयक राममहोन जॉगिड, डीईओ हिमांशु आदि ने संभाग स्तरीय कार्यशाला में अपना सहयोग प्रदान किया।

## सार-समाचार

### पिकअप के पलटने से तीन घायल



राजकीय चिकित्सालय में घायलों का उपचार किया।

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** गंगापुर सिटी–जयपुर मेगा हाईवे सड़क मार्ग स्थित कोयला के पास मंगलवार को एक पिकअप की कमानी में से पार्ट्स निकलने से पिकअप पलट गई। हादसे में तीन लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए एम्बुलेंस की सहायता से गंगापुर सिटी के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें जयपुर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार पिपलाई निवासी शहजाद (35), इस्लाम (32) और समीर पिकअप से पिपलाई से गंगापुर सिटी कबाड भरने आ रहे थे। इस दौरान कोयला के पास अचानक पिकअप की कमानी में से पार्ट्स (कटोरी) निकलने से पिकअप पलट गई। जिससे शहजाद, इस्लाम घायल हो गए, जबकि समीर को मामूली चोट आई। इस दौरान घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। बाद में एम्बुलेंस की सहायता से तीनों को गंगापुर सिटी के जिला अस्पताल में लाया गया, जहां शहजाद और इस्लाम को गंभीर चोट आने पर उन्हें जयपुर रेफर कर दिया।

### जन जागरण रैली आज

**करौली ( नि.स. )।** पाचना बाध पर्यटन विकास समिति के तत्वाधान में आज बुधवार को जिला मुख्यालय पर जन जागरण रैली का आयोजन किया जाएगा पाचना बांध पर्यटन विकास समिति के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह बैंसला ने बताया कि करौली के पाचना बांध को पर्यटन स्थल घोषित करने के लिए मुहिम चलाई जा रही है इसी कडी में आज बुधवार को शहर के हिंडौन गेट स्थित शिवा एकेडमी विद्यालय से चैधरी पाडा, फूटाकोट, सदर बाजार, अनाज मंडी, बड़ा बाजार, वजीरपुर गेट, गौशाला रोड, कलेक्टरेट सर्किल होते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय तक जन जागरण रैली का आयोजन किया जाएगा इसके पश्चात जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर करौली के पॉचना बाध को पर्यटन स्थल घोषित करने कि मांग कि जाएगी।

### केबिनेट मंत्री से की मुलाकात

**हिण्डौन सिटी ।** शहर के मूल निवासी व सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता राजीव शर्मा सांगानेर ने हिण्डौन विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख मांगों को लेकर राज्य सरकार में केबिनेट मंत्री झाबर सिंह खर्रा और जोगाराम पटेल से मुलाकात कर अवगत कराया भाजपा नेता राजीव शर्मा ने हिण्डौन नगर परिषद से संबंधित विभिन्न मामलों को विभागीय मंत्री झाबर सिंह खर्रा से अवगत कराया। इसके बाद शर्मा ने मंत्री जोगाराम पटेल से भी मुलाकात की। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता व रियल एस्टेट व्यवसायी अजय शर्मा सहित अन्य भाजपाई कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि हिण्डौन विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए राजीव शर्मा सक्रिय रूप से राजधानी जयपुर में काम कर रहे हैं। इससे पूर्व राजीव शर्मा को पार्टी की ओर से हरियाणा विधानसभा चुनाव में भी गुरूग्राम लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी भी बनाया गया था जहां पार्टी प्रत्याशी को जीत मिली।

### हरदैनिया प्रदेश सचिव नियुक्त

**करौली( नि.स. )।** करौली जिला मुख्यालय निवासी अक्षय उर्फ शिवकुमार हरदैनिया पुत्र स्व. श्रवण लाल शर्मा को अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज जोशी धोई ने राजस्थान प्रदेश सचिव के पद पर नियुक्त किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि अक्षय कुमार की समाज के कार्यों के प्रति कर्तव्य निष्ठा एवं ईमानदारी को देखते हुए उन्हें प्रदेश सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। अक्षय कुमार शर्मा के प्रदेश सचिव बनने पर महेंद्र सुरौठिया,मधुसूदन चरोरा,प्रवीण शर्मा एमआरएफ,बांकेबिहारी हरदैनिया,कृष्णवल्लभ शर्मा,गोविंद प्रसाद महंत गंगापुर,राधावल्लभ शर्मा, अनिल शर्मा,अनूप शर्मा,गौरव हरदैनिया, अभिमन्यु शर्मा,कैलाश शर्मा,धर्मा जोशी आदि ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार जताया है।

### मजिस्ट्रेट नियुक्त

**करौली ( नि.स. )।** जिला मजिस्ट्रेट नीलाभ सक्सैना ने एक आदेश जारी कर बताया कि जिले मे 31 अक्टूबर को दीपावली, 2 नवम्बर को गोर्वधन पूजा व 3 नवम्बर को भाईदूज का त्योहार मनाया जायेगा। इस दौरान आतिशबाजी की जाती है साथ ही बाजारों मे अधिक भीड रहती है। इस संबंध मे उन्होने समस्त कार्यपालक मजिस्टेटों को अपने अपने उपखंड क्षेत्रों मे कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। उन्होने बताया कि समस्त तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट अपने अपने उपखंड क्षेत्र के उपखंड मजिस्टेट के निर्देशन में कानून व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करेंगे।

### एक गिरफ्तार

**गंगापुर सिटी, ( निसं )।** वजीरपुर पुलिस ने मुखबिर सूचना पर कुसाय नहर, मंदिर के पास से गुजरमल मीना निवासी खण्डीप थाना वजीरपुर जिला गंगापुर सिटी को सट्टा की खाईवाली करते सट्टा सामग्री मय 1260 रूपए के साथ गिरफ्तार किया है।

## क्षतिग्रस्त सड़को से राहगीरों को हो रही है परेशानी

**करौली ( नि.स. )।** करौली जिला मुख्यालय पर बरसात के सीजन के बाद सडकें बदहाल हैं। शहर और हाईवे कि क्षतिग्रस्त सडकों के चलते वाहन चालको और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड रहा है।सार्वजनिक निर्माण विभाग और प्रशासन सडकों की मरम्मत और पेच वर्क को लेकर गंभीर नहीं है। जिसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड रहा है।

जिला मुख्यालय पर गड्ढे और जर्जर हाल सडकों के कारण आमजन को आए दिन हादसों का सामना करना पड रहा है। टूटी सडकों पर रोज दर्जनों वाहन और राहगीर हादसों के शिकार बन रहे हैं।

हादसों के शिकार हुए कई लोग तो अपनी जान तक गवां देते हैं लेकिन जिम्मेदार अधिकारी और विभाग आंखें मूंद कर बैठे हैं। ऐसे में आमजन की सुनवाई करने वाला कोई नहीं है। जिला मुख्यालय पर हाईवे हो या शहर के गली–मोहल्ले या मुख्य सडकें भी इन दिनों जर्जर हाल में हैं। जिसके चलते सडकों पर गहरे गड्ढे हो रहे हैं। गड्डों के चलते पैदल चलने वाले राहगीर,स्कूली बच्चे,बुजुर्ग,महिला और वाहन चालको को परेशानी हो रही है।शहर के मुख्य चैराहे फूटा कोट,गणेश गेट,बड़ी हटरिया,डीईओ ऑफिस के पास,छोटी हटरिया,गुलाब बाग, बड़ा बाजार, वजीरपुर दरवाजे के बाहर सहित दर्जनों स्थानों पर सडक क्षितग्रस्त है।

साथ ही एनएच 23 पर भी सडक बदहाल है। लोगों का आरोप है कि कई बार जिम्मेदार अधिकारियों को और जनप्रतिनिधियों से सडकों के मरम्मत को लेकर मांग की है लेकिन अभी तक समाधान नहीं हुआ। जिसके चलते शहरवासियों में आक्रोश है।

# खाकी की तैनाती सघन नाकाबंदी एवं चैकिंग अभियान चलाया

**करौली( नि.स. )।** कदम कदम पर खाकी की तैनाती एवं जिले में सघन नाकाबंदी का दौर है जारी गली,मोहल्ले, बैंक,चैराहो पर कडी गश्त करते हुए आपराधिक, संवेदनशील इलाकों पर नजर रखी जा रही है। करौली जिला पुलिस अधीक्षक बृजे'ा ज्योति उपाध्याय के विशेष निर्देशन में जिले की सीमाओं पर सघन नाकाबंदी एवं चेकिंग अभियान के तहत जिले के होटल,रेस्टोरेंट,ढाबो पर रुकने वाले व्यक्तियों एवं उनके आस पास संदिग्ध गतिविधियों एवं असामाजिक तत्वों के जमावडे पर पुलिस द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला पुलिस को प्रतिदिन सुरक्षा के अलग–अलग टास्क देकर जिले में संदिग्ध गतिविधियों पर कडी नजर रखी जा रही



करौली मे सघन चैकिंग अभियान के दौरान एक होटल मे रूकने वाले लोगो के बारे मे जानकारी दी।

है उनके विशेष मॉनिटरिंग में सुपरविजन अधिकारी नियमित रूप से सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते है। रात्रि के दौरान चाक चैबंद सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस के हथियार बंद जवान जिले के होटल,बैंक,बस स्टॉप,रेलवे स्टे'ान, सार्वजनिक स्थानो,चैराहो पर तैनात रहते हैं करौली पुलिस के जवान रात्रि के दौरान किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा आपराधिक घटना के संबंध में सूचना प्राप्त होने पर जिला पुलिस का सकल सुरक्षा तंत्र सक्रिय हो जाता है।

# 'वर्षा, बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए बांध, नहर के मरम्मत कार्यों हेतु प्रशासनिक स्वीकृति जारी'

**करौली ( नि.स. )।** जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सैना ने बताया है कि आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के तहत जल संसाधन विभाग तहसील करौली में बांध मरम्मत के दो कार्य तथा नहर मरम्मत के पॉच कार्य एवं तहसील सपोटरा में नहर मरम्मत के पॉच कार्य मानसुन वर्ष 2024 में अत्यधिक वर्षा, बाढ से क्षितग्रस्त हुए बांध, नहर के मरम्मत कार्यो के प्राप्त प्रस्ताव तथा इस हेतु गठित उपखण्ड स्तरीय समिति की अभिशंसा के आधार पर तत्काल मरम्मत करवाये जाने हेतु निम्न कार्यो की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। जिला कलक्टर ने बताया कि जिनमें तहसील व ब्लॉक करौली में मुख्य मामचारी नहर, क्षितग्रस्त नहर की लम्बाई आरडी 0 से 1.2 किमी लघु परियोजना हेतु स्वीकृत राशि 60,000, कोठे माईनर, क्षितग्रस्त नहर आरडी 0 से 5.37 किमी लघु परियोजना हेतु 3,00,000, करसाई माईनर, क्षितग्रस्त नहर आरडी 0 से 2.76 किमी लघु परियोजना हेतु 1,20,000, तरोली माईनर, क्षितग्रस्त नहर की लम्बाई आरडी 0 से 1.5 किमी लघु परियोजना हेतु 80,000, महोली माईनर, क्षितग्रस्त नहर की लम्बाई आरडी 0 से 1.2 किमी लघु परियोजना हेतु स्वीकृत राशि 60,000, मामचारी बांध की पाल, क्षितग्रस्त बांध की लम्बाई आरडी 0 से 756 मीटर लघु परियोजना हेतु 2,00,000, बांधवा बांध की पाल, क्षितग्रस्त बांध की लम्बाई आरडी 0 से 1.2 किमी लघु परियोजना हेतु स्वीकृत राशि 2,00,000, सहित कुल राज्य आपदा मोचन निधि से सात कार्यो हेतु 10,20,000 रूपये की राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है उन्होंने बताया कि इसके अलावा तहसील व ब्लॉक सपोटरा में चैडा गांव सबमाईनर क्षितग्रस्त नहर की लम्बाई आरडी 0 से 2.62 किमी मध्यम परियोजना हेतु स्वीकृत राशि 1,56,000, नारोली माईनर, क्षितग्रस्त नहर की लम्बाई आरडी 0 से 14.4 किमी मध्यम परियोजना हेतु स्वीकृत राशि 2,40,000, बडौदा माईनर, सपोटरा मुख्य नहर, क्षितग्रस्त नहर की लम्बाई आरडी 0 से 17.40 किमी मध्यम परियोजना हेतु स्वीकृत राशि 2,95,000, खानपुर माईनर, क्षितग्रस्त नहर की लम्बाई आरडी 0 से 1.71 किमी मध्यम परियोजना हेतु स्वीकृत राशि 85,000 रूपये की राशि तथा कुल राज्य आपदा मोचन निधि से 5 कार्यो हेतु 09 लाख 18 हजार रूपये की राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है।

## राजस्थान शिक्षक संघ के वार्षिक चुनाव संपन्न

**करौली( नि.स. )।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला शाखा करौली के संपन्न हुए वार्षिक चुनाव में अशोक कुमार को जिला अध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किया गया है। राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय)उपशाखा अध्यक्ष राजेन्द्र दीवान ने बताया कि निर्वाचन अधिकारी भरतपुर मण्डल उपाध्यक्ष दीनदयाल व चुनाव पर्यवेक्षक हरिओम के निर्देशन में कल संपन्न हुए वार्षिक चुनाव में सर्वसम्मति से गिरधारी लाल नामा को जिला महामंत्री तथा समय सिंह मीना को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। इसी प्रकार समय सिंह गुर्जर को सभाध्यक्ष, गणेश सिंह को उप सभाध्यक्ष तथा मानवेंद्र, मधुबाला, गोपाल लाल, राजेश व गौरी शंकर को उपाध्यक्ष, नरेन्द्र सिंह, अर्चना अग्रवाल, मजरूद्दीन, देवी सिंह को सचिव, ओमप्रकाश वर्मा को अतिरिक्त जिला मंत्री, हेमलता को महिला मंत्री के पद पर निर्वाचित किया गया।जिला कार्यकारिणी के सदस्य पद पर रामकुमार, सोहन सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, सतानंद, हरविंदर, रामसहाय, रूक्मणी, प्यारे लाल, अशोक अग्रवाल, राधेश्याम प्रबोधक को निर्वाचित किया गया। निर्वाचन प्रक्रिया में करौली जिले की समस्त उपशाखाओं के अध्यक्ष, मंत्री, व पदाधिकारीयों ने भाग लिया।इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सूरज लाल व मुखराज सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

## वैश्य सम्मेलन बैठक आयोजित

**भरतपुर ( निस )।** अग्रवाल सभा, अग्रवाल भवन समिति, महाराजा अग्रसेन शोभायात्रा समिति एवं अग्रवाल जन चेतना मंच की संयुक्त बैठक खिरनी घाट स्थित अग्रवाल भवन पर अंतर्राष्ट्रीय वैश्य सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुराग गर्ग के मुख्य आतिथ्य एवं सुरेश बंसल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। भवन समिति महामंत्री विष्णु लोहिया एवं अग्रवाल सभा महामंत्री विनोद सिंघल ने वताया कि अग्रेश्वर महादेव मंदिर पर अन्नकूट महोत्सव गोपा अष्टमी 9 नवम्बर शनिवार को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर भव्य फूल बंगला व छप्पन भोग झांकी सजाई जावेगी। इस अवसर पर पश्चिम मध्य रेलवे कोटा रेल मण्डल उपभोक्ता सलाहकार समिति का सदस्य बनाये जाने पर अनुराग गर्ग को सम्मानित किया गया। अग्रसेन जयन्ति महोत्सव के अवसर पर आयोजित आठ दिवसीय कार्यक्रमों को भव्यता से सम्मान कराने में प्रेम गोयल, गोपाल चंद सिंघल सर्वेअर, सतीश मित्तल मैनेजर, विनोद डीगिया, आलोक बंसल, महेश सर्राफ, संजय गुप्ता दवाई वाले, कृष्ण कुमार कोठारी एवं प्रहलाद गोयनका, अनिल कुमार गुप्ता का पटक पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर मोहन मिततल, महेशचंद सिंघल, आर.एल. गर्ग, विनोद भुसावरी बजाज, महेश गुप्ता, शशि कुमार गुप्ता बजाज, परषोत्तम डीगिया, हरीकिशन विसायती, अशोक जिंदल, मुकेश कुमार बूरे वाले आदि मौजूद रहे।

# प्राध्यापक संघ रेसला के टोडाभीम व बामनवास ब्लॉक के चुनाव संपन्न

**गंगापुर सिटी ।** प्राध्यापक संघ रेसला के ब्लॉक स्तरीय चुनाव मंगलवार को रूपसिंह मीना जिला संयोजक गंगापुर सिटी के निर्देशन में एवं पर्यवेक्षक कैलाश चन्द मीना प्रिन्सिपल नागल लाट एवं रमन मीना प्रिन्सिपल पदमपुरा चुनाव अधिकारी की देखरेख में पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय

- **सभी सदस्यों ने सभी पदाधिकारियों का चुनाव निर्विरोध रूप से किया।**
- **पीएम श्रीराजकीय उच्च माध्यमिक वि.टोडाभीम में कार्यकारिणी पुनर्गठन किया**

टोडाभीम में रेसला टोडाभीम की कार्यकारिणी का पुनर्गठन कार्य किया गया। इस दौरान रेसला जिलाध्यक्ष करौली भगवत मीना, संगठन मंत्री लखन लाल मीना, महेंद्र मीना की उपस्थिति में सर्वसम्मति से ब्लाक सभाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार अवस्थी पीएम श्री टोडाभीम, ब्लाक संरक्षक गील्या राम मीना शहराकर, ब्लॉक अध्यक्ष इन्द्राज लाल मीना पीएम श्री टोडाभीम, ब्लॉक मंत्री हंसराम मीना व्याख्याता पहाडी, महिला मंत्री– मौसमी मीना




गंगापुर सिटी मे नवीन कार्यकारिणी सदस्यो का माला पहना कर स्वागत करते रेसला सदस्य

नागल लाट, कोषाध्यक्ष महेश मीना व्याख्याता किरवाडा का निर्विरोध निवार्चन किया गया। पर्यवेक्षक कैलाश मीना ने बताया की जिला अधिवेशन से पूर्व सदस्यता अभियान चलाकर सभी नवनियुक्त व्याख्याताओं को संगठन की गतिविधियों से जोडकर ब्लाक कार्यकारिणी को मजबूत जायेगा। इसी प्रकार रेसला बामनवास ब्लॉक की कार्यकारिणी का गठन जिला संयोजक रूपसिंह मीना एवं पर्यवेक्षक ओमप्रकाश मीणा प्रधानाचार्य व चुनाव अधिकारी बनीराम मीना की देख रेख में सर्वसम्मति से सम्पन्न हुए जिसमें सभी सदस्यों ने सभी पदाधिकारियों का चुनाव निर्विरोध रूप से किया। ब्लॉक संरक्षक के पद पर राजेंद्र मीणा, सभाध्यक्ष ब्रजमोहन मीना, ब्लॉक अध्यक्ष पद पर लगातार दूसरी बार महेश चंद मीना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश मीना, ब्लॉक महामंत्री रामचरण मीना और कोषाध्यक्ष बालकृष्ण बंसल को निर्वाचित किया गया। जिला संयोजक एवं सह संयोजक द्वारा शेष कार्यकारणी का विस्तार आगामी दस दिवस करने के निर्देश दिए। चुनाव अधिकारी अधिकारी रमन मीना ने कार्यकारिणी का विस्तार कर संगठन को मजबूती प्रदान करने पर जोर देते हुए समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियो को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## गोवर्धन की 15वी पदयात्रा रवाना

**हिंडौन सिटी ।** श्री गोवर्धन महाराज की 15 वी पदयात्रा हुई रवाना श्री राम मंदिर वाघा का हनुमान जी बैधवाडा से श्री गोवर्धन महाराज की पूजा अर्चना करने के बाद सभी भक्त प्रेमियों द्वारा आरती और पूजा की गई पूजा अर्चना पंडित महेश चंद शर्मा द्वारा की गई ।

उसके बाद में सभी को प्रसाद वितरण करने के बाद में 12:15 बजे श्री राम मंदिर बाघा वाले हनुमान जी से गोवर्धन के लिए प्रस्थान हुई पदयात्रा। इस अवसर पर यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया दिनेश चंद सैनी राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष एवम बाबा दोनों के द्वारा हरी झंडी दिखाकर यात्रा को किया गया रवाना पदयात्रा में गोवर्धन महाराज के झंडा लेकर पप्पू राम सैनी और गोवर्धन समिति अध्यक्ष अमरसिंह सैनी पटवारी,ज्ञानसिंह सैनी,संतोष अग्रवाल,बलराम सैनी,शिव दयाल सैनी, मदनराम सैनी,मगन सैनी, हरिराम सैनी,रमेश चंद सैनी,प्रेमसिंह सैनी,हरकेश सैनी,ठाकुरिया सैनी, राहुल सैनी धर्म सिंह सैनी ब्रहमसिंह पोस्टमैन हरिराम, राजेश सैनी श्यामा ई मित्र, मुरारी एवं इस अवसर पर सैकड़ों की तादात में गोवर्धन महाराज के भक्तोंगन मौजूद थे यात्रा आज रवाना हुईं 24 को तारीख छप्पन भोग की झांकी सजाकर जायेगी और 25 तारीख को भंडारा होगा उसके बाद गोवर्धन महाराज की पर परिक्रमा देकर वापस अपने घर के लिए रवाना होंगे गोवर्धन महाराज में सभी के लिए भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# रोडवेज का प्रदेश स्तरीय तीन दिवसीय अभ्यास वर्ग का उद्घाटन



हिंडौन आगार राजस्थान रोडवेज के संयुक्त कर्मचारी फैडरेशन के तत्वाधान में तीन दिवसीय अभ्यास वर्ग का उद्घाटन किरण पैलेस में हुआ।

**हिंडौन सिटी।** हिंडौन आगार राजस्थान रोडवेज के संयुक्त कर्मचारी फैडरेशन के तत्वाधान में तीन दिवसीय अभ्यास वर्ग का उद्घाटन किरण पैलेस में हुआ। रोडवेज की हिंडौन शाखा के कार्यकारी अध्यक्ष प्रेम बेनीवाल एवं सचिन कुबेर मीना ने जानकारी देते हुए बताया कि अभ्यास वर्ग के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिरन्यमय पंड्या तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त कर्मचारी फैडरेशन राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता ने की । विशिष्ट अतिथि के तौर पर राज बिहारी शर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष परिवहन फेडरेशन, प्रदेश परिवहन प्रभारी विजय सिंह वाघेला, प्रांत सह शारीरिक प्रमुख राजेश कुमार जयपुर प्रांत एवं प्रियकांत बेनीवाल जिला अध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ करौली रहे। संयुक्त कर्मचारी फैडरेशन के प्रदेश महामंत्री सत्यनारायण शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि तीन दिवसीय प्राप्त है। 5:00 बजे जागरण से लेकर रात्रि 10:00 बजे शाम शयन तक विभिन्न सत्रों में का आयोजन किया जा रहा है। इसमें अपने जीवन जीने की कला राष्ट्र निर्माण चरित्र निर्माण सहित विभिन्न गतिविधियों के बारे में वार्ता रखी जावेगी। जिसमे मुख्य अतिथि हिरन्यमय पंड्या, एवं अध्यक्षता कर रहे । विनोद कुमार गुप्ता ने अपने जीवन में अनुशासन के महत्त्व बताते हुए शाम को राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार करने के लिए कहा। इस दौरान रविकांत शर्मा, रोहित गुर्जर, मनीष शुक्ला, ओम प्रकाश मीणा सहित फेडरेशन के सैकडो लोग उपस्थित रहे।



महिला पहलवानों के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था और मामला दिल्ली की अदालत में चल रहा है।
– विनेश फोगाट

भारतीय पहलवान, यह साक्षी मलिका की निजी राय है, मैं उससे सहमत नहीं हूं।



# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## केन विलियम्सन



न्यूजीलैंड के बल्लेबाज केन विलियमसन चोट के कारण भारत के खिलाफ गुरुवार को होने वाले दूसरे टेस्ट में भी नहीं खलेंगे। विलियमसन को यह चोट पिछले महीने श्रीलंका दौरे के दौरान लगी थी। उनकी जगह बेंगलुरु टेस्ट में विल यंग ने लिया था। न्यूजीलैंड टीम के कोच गैरी स्टीड ने कहा कि केन पूरी तरह फिट रहने पर तीसरे टेस्ट में खेल सकते हैं। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा, हम केन की चोट पर नजर बनाये हुये हैं। वह सही दिशा में बढ़ रहे हैं, लेकिन अभी भी पूरी तरह से फिट नहीं हैं। हम उनके तीसरे मैच तक पूरी तरह से फिट होने की उम्मीद कर रहे हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** मैक्सिको में हुए 1970 के विश्वकप फुटबॉल में सबसे पहली बार स्थानापन्न खिलाड़ियों और लाल व पीले कार्ड शुरू किये गये।

# पुणे में भारत चाहेगा कि उनके स्पिनर कीवी टीम पर हावी रहे



पुणे, 22 अक्टूबर। बेंगलुरू टेस्ट गंवाने के बाद अब भारतीय टीम की पुणे में अग्निपरीक्षा होगी। तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले में भारत और न्यूजीलैंड पुणे के मैदान में आमने-सामने होंगी। हालांकि, पुणे की पिच कैसी होगी ये जानना भी बेहद जरूरी है, क्योंकि बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच वैसी नहीं थी, जैसी टीम इंडिया ने चाही थी।

हालांकि, इसमें पिच क्यूरेटर का कोई दोष नहीं है, क्योंकि बारिश और मौसम की वजह से पिच का मिजाज बदल गया था। लेकिन दूसरे टेस्ट में ऐसा कुछ होने वाला नहीं है।क्रिकइंफो की रिपोर्ट की मानें तो पुणे में काली मिट्टी की पिच का इस्तेमाल होने वाला है, जहां पर स्पिनरों को खूब मदद मिलेगी, क्योंकि पिच पर घास नहीं होगी। पिच को फ्लैट और स्लोअर तैयार कराया जा रहा है। बाउंस भी गेंद को यहां कम मिलेगा, लेकिन बेंगुलरु की पिच में तेज गेंदबाजों के लिए काफी मदद थी। मैच के पांचवें और खेल के चौथे दिन तक स्पिनरों के लिए कोई खास मदद पिच से नहीं मिली थी, लेकिन पुणे और फिर मुंबई में स्पिनरों को मदद करने वाली पिचों का इस्तेमाल होगा। हालांकि, मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में लाल मिट्टी की पिच तैयार की जाएगी। वह मुकाबला 1 नवंबर से शुरू होगा।

बेंगलुरु की पिच ने टीम इंडिया को कभी ना भूलने वाला गम दिया, क्योंकि टीम 46 रनों पर ढेर हो गई थी। भारतीय टीम के इतिहास में घर पर ये सबसे कम स्कोर था। इससे पहले टीम ने 75 रन पर अपने सभी विकेट खोए थे लेकिन पहली बार टीम 50 का आंकड़ा भी पार नहीं कर सकी। यहां तक कि टीम को 8 विकेट से हार मिली। 36 साल के बाद न्यूजीलैंड के हाथों भारत को हार का सामना करना पड़ा। इस हार का बदला और सीरीज में 1-1 की बराबरी के लिए भारतीय टीम पुणे में भी 3 स्पिनरों के साथ उतरेगी। पिच से भी मदद होगी तो भारत चाहेगा कि उनके स्पिनर यहां कीवी टीम पर हावी रहें।

## ऋषभ पंत पुणे टेस्ट खेलेंगे और विकेटकीपिंग भी करेंगे

पुणे, 22 अक्टूबर। टीम इंडिया के असिस्टेंट कोच रेयान टेन डोएशे ने स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की फिटनेस पर बड़ा अपडेट दिया है। रेयान को उम्मीद है कि पंत न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा टेस्ट खेलेंगे और विकेटकीपिंग भी करेंगे। पंत को पहले टेस्ट में घुटने में चोट लगी थी। फिलहाल भारत तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में 0-1 से पीछे है, भारत को मेहमान टीम ने बेंगलुरु टेस्ट में 8 विकेट से हराया था।रेयान ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि ऋषभ पंत काफी अच्छा है। घुटने की वजह से थोड़ा असहज लग रहा था लेकिन अब ठीक है। उम्मीद है कि वह पुणे टेस्टे विकेटकीपिंग करेगा।

बता दें कि, पंत बेंगलुरु टेस्ट के दूसरे दिन विकेटकीपिंग करते समय चोटिल हुए थे। रविंद्र जडेजा की गेंद उनके ऑपरेशन वाले घुटने पर लगी, जिसके बाद मैदान से बाहर जाना पड़ा। उन्होंने फिर मैच के दौरान अधिकतर हिस्से में विकेटकीपिंग नहीं की। हालांकि, 27 वर्षीय पंत बेंगलुरु में चौथे दिन बल्लेबाजी के लिए उतरे और शानदार पारी खेली। उन्होंने 105 गेंदों में 9 चौकों और 5 छक्कों की बदौलत 99 रन बनाए। उन्होंने सरफराज खान के साथ चौथे विकेट के लिए 177 रनों की दमदार साझेदारी की। असिस्टेंट कोच ने बल्लेबाज शुभमन गिल को लेकर भी अपडेट दिया, जो पहले टेस्ट में गर्दन में जकड़न के कारण नहीं खेले। रेयान ने कहा कि गिल भी पुणे टेस्ट मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे।

# जय शाह बन सकते हैं तीन साल के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के चेयरमैन



दुबई, 22 अक्टूबर। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) बोर्ड ने अपने चेयरमैन और स्वतंत्र निदेशक का कार्यकाल दो साल के बजाय तीन साल करने की सिफारिश की है। आईसीसी के सदस्य देश अगर इन सिफारिश को मंजूर कर लेते हैं तो इसका मतलब होगा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह तीन साल के लिए विश्व क्रिकेट की सर्वोच्च संस्था के चेयरमैन बनेंगे। शाह इस साल एक दिसंबर को आईसीसी के सर्वोच्च पद का कार्यभार संभालेंगे। आईसीसी बोर्ड की मंजूरी मिलने के बाद वह अपने दूसरे कार्यकाल में अगले तीन साल के लिए भी इस पद पर आसीन हो सकते हैं।शाह के पहले कार्यकाल का बड़ा हिस्सा बीसीसीआई में उनके अगले साल सितंबर में शुरू होने वाले तीन साल के 'कूलिंग ऑफ पीरियड' के साथ चलेगा। आईसीसी बोर्ड की बैठक के दौरान महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए भी कुछ फैसले किए गए। वैश्विक संस्था ने महिला एसोसिएट सदस्य टी20 प्रतियोगिताओं की एक श्रृंखला को भी मंजूरी दी। आईसीसी ने बयान में कहा,"हमारी योजना 2025 और 2028 के बीच दो वार्षिक टी20 अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट की शुरुआत करना है जिससे कि आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में टीमों की संख्या बढ़ाई जा सके।" आईसीसी बोर्ड ने 2025 से लेकर 2029 तक महिलाओं के भविष्य के दौरा कार्यक्रम को भी मंजूरी दी जिसे जल्द ही प्रकाशित किया जाएगा। बयान के अनुसार, "आईसीसी मुख्य कार्यकारी समिति ने इसे भी मंजूरी दे दी है कि महिलाओं की रैंकिंग का वार्षिक अपडेट अब प्रत्येक वर्ष एक अक्टूबर से एक मई तक चलेगा और टीमों को अब कम से कम आठ मैच खेलने होंगे जो महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

## जेमिमा रोड्रिग्स के पिता पर लगा धर्मांतरण का आरोप, खार जिमखाना की मेंबरशिप हुई रद्द



नई दिल्ली, 22 अक्टूबर। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी जेमिमा रोड्रिग्स के पिता पर धर्मांतरण का आरोप लगा है। रिपोर्ट्स के अनुसार उनके पिता ने मुंबई के खार जिमखाना क्लब के कुछ हिस्से को बुक किया और फिर उसमें कुछ लोगों का धर्म परिवर्तन कराया। इस वजह से जेमिमा रोड्रिग्स की सबसे पुराने क्लब में शामिल खार जिमखाना की मेंबरशिप रद्द कर दी गई।

## चोटिल ओसाका हांगकांग ओपन से हटी

हांगकांग, 22 अक्टूबर। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन जापान की नाओमी ओसाका ने चोट के कारण हांगकांग ओपन टेनिस चैंपियनशिप से हटने की घोषणा की है। हांगकांग, चीन टेनिस संघ (एचकेसीटीए) ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि पूर्व



विश्व नंबर वन ओसाका टूर्नामेंट में भाग नहीं लेंगी। उन्होंने कहा, ओसाका ने पुष्टि की है कि वह अभी भी टूर्नामेंट में भाग लेंगी और इस आयोजन के दौरान अपने हांगकांग टेनिस प्रशंसकों से मिलने सहित कई गतिविधियों में भाग लेंगी। बयान में नाओमी के हवाले से कहा गया, मुझे वास्तव में खेद है कि मुझे प्रूडेंशियल हांगकांग टेनिस ओपन और इस टेनिस सत्र के बाकी हिस्सों में प्रतिस्पर्धा करने से हटना पड़ा है।

# बांग्लादेश के तीन विकेट झटक कर दक्षिण अफ्रीका ने मैच पर बनाई मजबूत पकड़

मीरपुर, 22 अक्टूबर। काइल वेरेन (114) और वियान मुल्डर (54) रनों की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन मंगलवार को पहली पारी में 308 के स्कोर के साथ 202 रन की बढ़त साथ बंगलादेश के दूसरी पारी में 101 रन पर तीन विकेट झटक कर मैच पर अपनी पकड़ बना ली हैं।



दक्षिण अफ्रीका 308 के स्कोर पर रोकने के बाद दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी बंगलादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही। तीसरे ही ओवर में कगिसो रबड़ा ने शादमान इस्लाम (एक) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद मोमिनुल हक (शून्य) को अपना शिकार बना लिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान नजमुल शान्तो ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 19वें ओवर में केशव महाराज ने शांन्तो को (23) रन पर पगबाधा आउट कर दिया।

दिन का खेल खराब रोशनी के कारण रोके जाने पर बंगलादेश ने दूसरी पारी में तीन विकेट पर 101 रन बना लिये है। हालांकि वह अभी पहली पारी के आधार 101 रन पीछे है। महमुदुल हसन जॉय (नाबाद 38) और मुशफिकुर रहीम (नाबाद 31) क्रीज पर मौजूद थे। दक्षिण अफ्रीका की ओर कगिसो रबाडा ने दो विकेट लिये। केशव महाराज को एक विकेट मिला।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने आज कल के छह विकेट पर 140 के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। 227 के स्कोर पर वियान मुल्डर के रूप में दक्षिण अफ्रीका का सातवां विकेट गिरा। इसी स्कोर पर केशव महाराज भी आउट कर पवेलियन लौट गये। दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी की शुरुआत भी बहुत ज्यादा अच्छी नहीं रही। मेहमान टीम ने भी 108 रन पर अपने आठ विकेट गवा दिए थे। इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज काइल वेरेन (114) और वियान मुडलर (54) के बीच हुई 119 रनों की साझेदारी की। इसके बाद वेरेन और डेन पीट के बीच नौवें विकेट के लिये हुए 63 रन की साझेदारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने 300 रन का आंकड़ा पार किया।

दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 88.4ओवर में 308 रन पर सिमट गई। बंगलादेश की ओर से तैजुल इस्लाम ने पांच विकेट लिये। हसन महमूद को तीन विकेट मिले। मेहदी हसन मिराज ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने बंगलादेश की पहली पारी को 106 रन के स्कोर पर समेट दिया था।

## फिटनेस और ताकत को बेहतर करने के लिए कराटे का सहारा ले रही है गोल्फर दीक्षा डागर



गुरुग्राम, 22 अक्टूबर। ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी गोल्फ खिलाडी दीक्षा डागर ने कहा कि वह अपने खेल के शीर्ष पर पहुंचने के लिए ताइक्वांडो और कराटे का सहारा लेकर अपनी फिटनेस और ताकत को बढ़ा रही है। गुरुवार से यहां शुरू हो रहे हीरो वुमेंस इंडियन ओपन गोल्फ में भाग ले रही 23 साल की खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक मे अपनी स्पर्धा से पहले सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई थी और इसका असर उनके खेल पर भी पड़ा था। इंडियन वुमेंस ओपन गोल्फ के पिछले आयोजन मे तीसरे स्थान पर रही दीक्षा ने यहां से बातचीत में कहा, "मैं अपनी फिटनेस के साथ ताकत हासिल करने पर काम कर रही हूं। मैं इसके लिए कराटे सीख रही हूं और नियमित तौर पर जिम जा रही हूं।"अपने पेशेवर करियर में तीन खिताब जीतने वाली दीक्षा ने कहा, "मैंने एक सुबह पार्क में जॉगिंग करते समय कुछ बच्चों को कराटे करते हुए देखा और फिर मैंने भी इसे सीखना शुरू कर दिया। इस युवा खिलाडी ने कहा कि पेरिस में सड़क दुर्घटना का उनके खेल पर नकारात्मक असर पड़ा था। ओलंपिक में साथ डेफलंपिक्स हिस्सा लेने वाली देश की इस इकलौती खिलाड़ी ने कहा, " ओलंपिक में हिस्सा लेना मेरे लिये एक अनुभव था। दुर्घटना में मुझे ज्यादा चोट नहीं लगी थी लेकिन मेरी मां अब भी उस चोट से उबर रही है।" हादसे से हालांकि मेरा खेल प्रभावित हुआ था। मेरी मां वहां अस्पताल में थी और अभ्यास सत्र के दौरान मुझे मेरे पिता का साथ नहीं मिला। मुझे वहां सबकुछ खुद ही देखना पड़ा। इससे मेरा ध्यान खेल से बंट गया।" डेफलंपिक्स में पदक जीतने वाली दीक्षा ने कहा, " अगर यह दुर्घटना नहीं होती तो खेल के दौरान मेरे पिता मेरे साथ होते। मैंने ओलंपिक की अच्छी तैयारी की थी। मैं अब उस घटना को पीछे छोड़ चुकी हूं।



# हमारी पार्टी में कहीं कोई बगावत नहीं है : मदन राठौड़

**जयपुर।** प्रदेश की 7 सीटों पर विधानसभा उपचुनाव होने हैं। इनमें से भाजपा ने 6 सीटों पर अपनी प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। टिकट वितरण के साथ ही पार्टी में बगावत भी खुलकर सामने आई है। झुंझुनूं, रामगढ़ और सलूंबर, देवली उनियारा सहित अन्य विधानसभा सीटों पर टिकट के दावेदारों और उनके समर्थकों ने नाराजगी जाहिर करते हुए बगावती तेवर दिखाए। पार्टी में उठी बगावत को कंट्रोल करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ रणनीति से आगे बढ़ रहे हैं। एक दिन पहले सलूंबर से बागी तेवर दिखा रहे नरेंद्र मीणा से मुख्यमंत्री ने मुलाकात करके उनकी नाराजगी को दूर किया, तो अब झुंझुनूं और रामगढ़ सीट को लेकर भी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि कहीं कोई नाराजगी नहीं है, सभी एकजुट

> ■ 'सभी एकजुट हैं और संगठित होकर चुनाव लड़ेंगे'

हैं और सातों सीटों पर जीत दर्ज करेंगे। राठौड़ ने इसके साथ कांग्रेस के आरोपों पर भी पलटवार किया।

बागियों से मान-मनौव्वल पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि हमारी पार्टी में कहीं कोई बगावत नहीं है। सभी एकजुट हैं और संगठित होकर चुनाव लड़ेंगे। सभी सातों सीटों पर भाजपा का कमल खिलेगा। राठौड़ ने कहा कि कई बार टिकट की उम्मीद होती है, लेकिन जब टिकट नहीं मिलता है तो थोड़ी बहुत निराशा और नाराजगी होती है, लेकिन जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूत करने की बात सामने आती है तो सब एकजुट हो जाते हैं, इसलिए "मैं सोच समझकर पूरी जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं कि हमारी पार्टी में कहीं पर भी किसी भी सीट पर कोई बगावत नहीं है। सभी सातों सीटों पर हम मजबूत हैं, एकजुट हैं और तय मान कर चलिए कि हम सभी सातों सीट जीतने जा रहे हैं।" मदन राठौड़ ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं के बयानों से उनकी कमजोरी साफ तरीके से झलक रही है। हमारी पार्टी ने 6 सीटों पर प्रत्याशी उतार दिए, सिर्फ एक सीट पर उम्मीदवार घोषित होना बाकी है, उसकी भी जल्द घोषणा जो जाएगी, लेकिन कांग्रेस तो अभी तक अपने उम्मीदवारों की घोषणा ही नहीं कर पा रही है। कांग्रेस में अंतरकलह इस कदर है कि उनके किसी भी एक सीट पर भी आपसी सहमति नहीं बन रही है। इसलिए कांग्रेस हम पर बयानबाजी करने की बजाय अपनी पार्टी को संभालें। कांग्रेस हमसे क्या सवाल कर रही है, हम तो हमारी सभी तैयारी पूरी करके बैठे हैं। भाजपा विधायक गोपाल शर्मा की ओर कांग्रेस नेताओं के इशारे पर हो रहे काम वाले बयान पर मदन राठौड़ ने कहा कि सरकार सबका ध्यान रखकर काम करती है। कानून सम्मत व्यवहार करती है। किसी को अगर कहीं कुछ लगा है तो वह अपनी बात को समझाएं और बताएं, हम उस पर भी ध्यान देंगे। उन्होंने कहा कि जहां तक हमारे विधायक गोपाल शर्मा की बात है तो वह गंभीर हैं, समझदार हैं, हो सकता है उनके कुछ कहने सुनने में कोई गलतफहमी हुई हो, लेकिन सबका सम्मान है। सत्ता और संगठन में कहीं पर भी कोई दिक्कत नहीं है, जहां तक ऐसा हुआ या हो सकता है तो यह सब काल्पनिक बात है। यह यदि वाला शब्द है, यह काल्पनिक सवाल है।

## सरपंचों का कार्यकाल पूरा होने के बाद चुनाव कराने की मांग

**जयपुर।** राष्ट्रीय सरपंच संघ राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न प्रतिनिधियों ने पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर से उनके आवास पर भेंट कर अपनी मांगों को रखा। सरपंचों ने कहा कि आज तक की एफ एफ सी एवं एस एफ सी तथा मनरेगा की राशि पंचायत को हस्तांतरित की जाए। सरकार की वन स्टेट वन इलेक्शन पॉलिसी का सरपंच समर्थन करते हैं परंतु सरपंचों का कार्यकाल पूरा होने के बाद ही चुनाव कराए जाएं तथा जिनका कार्यकाल जनवरी माह में साफ हो रहा है उनका कार्यकाल 6 माह बढ़ाया जाए। कोटेशन की सीमा बढ़कर 10 लाख की जाए एवं कार्य को पोर्टल पर प्रदर्शित करने का आदेश निकल जाए। पंचायती राज मंत्री मदन रावत ने सरपंचों की मांगों को सुनने के बाद सभी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने और बकाया पैसे दीपावली से पूर्व स्थानांतरित करने तथा एफ एफ सी का पैसा भी पंचायत को दीपावली के तुरंत बाद हस्तांतरित करने का आश्वासन दिया।

# दिपावली मेले का आयोजन 21 से 27 अक्टूबर तक



**राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् ( राजीविका ) ग्रामीण विकास विभाग के तहत आयोजित दीपावली मेले का ग्रामीण विकास विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रेया गुहा ने निरीक्षण किया।**

**जयपुर।** ग्रामीण विकास विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रेया गुहा ने राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका) ग्रामीण विकास विभाग के तहत आयोजित दीपावली मेले का उद्घाटन इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान में फीता काटकर एवं गणपति जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया। गुहा ने मेले में आयी महिला सदस्यों से स्टॉल्स पर प्रदर्शित उत्पादों की जानकारी ली एवं हस्तनिर्मित समस्त उत्पादों को सराहा।

दीपावली मेले का आयोजन 21 से 27 अक्टूबर तक प्रातः 11 से रात्रि 9 बजे तक इंदिरा गांधी पंचायतीराज संस्थान परिसर, जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। इस दीपावली मेले में विभिन्न जिलों की संस्कृति, परिधान, भाषा एवं पारंपरिक उत्पादों का बेजोड़ नमूना देखने को मिलता है। राजस्थान के ब्लू पोटरी, कोटा डोरिया, लोहे के सामान, रोज प्रोडक्ट्स, लाख की चूड़ियां, आचार, नमकीन, मंगोड़ी, पापड़, टेरा कोटा, जूट के उत्पाद, बाजरे के उत्पाद, सांगानेरी प्रिंट, कैर सांगरी, कसूरी मेथी, पेपर प्रोडक्ट्स, तीर कमान, सॉफ्ट टॉयज, राजस्थानी जूतियाँ मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र है। इसके साथ ही मेले में आने वाले आमजन फूड जोन में राजस्थानी व्यंजन का लुफ्त उठा सकेंगे। इस दीपावली मेले में प्रदेश के समस्त जिलों से 65 स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्य, अपने उत्पादों को प्रदर्शित एवं विक्रय का कार्य कर रही है। यह दीपावली मेला ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उनकी आय में वृद्धि के लिए एक प्रमुख पहल है, जिससे उनकी वित्तीय स्थिरता और जीवन की गुणवत्ता में सुधार हो सकेगा।

# वेटरिनरी कॉलेज के अस्पताल को रेफरल के रूप में काम करना चाहिए : डॉ.समित शर्मा

**जयपुर।** "पशु चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता और भविष्य में सुधार की संभावनाएं" विषय पर मंगलवार को शासन सचिवालय के मुख्य सभागार में सेमिनार आयोजित हुआ। बतौर मुख्य अतिथि, पशुपालन, गोपालन एवं डेयरी विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने कहा कि सभी वेटरिनरी कॉलेज को उत्कृष्टता का केंद्र बनाना हमारा लक्ष्य होना चाहिए।

डॉ.शर्मा ने कहा कि पशु चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में हम काफी काम कर रहे हैं परंतु अभी भी सुधार की संभावनाएं बहुत अधिक हैं। हमें अपने पशु चिकित्सा शिक्षा के संस्थान देश में अव्वल स्थान पर लाने के लिए प्रयास करने होंगे। ग्रेडिंग के पहले 10 स्थानों में राजस्थान के पशु चिकित्सा शिक्षा संस्थान आएं इसके लिए आवश्यक है कि हमारे पास जो संसाधन उपलब्ध हैं हम उनका अधिक से अधिक और बेहतर उपयोग करें।

उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि सभी कॉलेज अपने विद्यार्थियों को सम्मानपूर्वक डिग्री देने के लिए समारोह आयोजित करें, विद्यार्थियों के सभी दस्तावेज डिजी लॉकर में रखें, सप्ताह के अंत में पढ़ाए गए विषयों का मूल्यांकन करें, पढ़ाए जाने वाले विषयों की जानकारी विद्यार्थियों को पूर्व में दें, कॉलेज में इनडोर ऑपरेशन करने का प्रयास करें।

विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय पशु चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष डॉ. उमेश चंद्र शर्मा ने कहा कि हमारा काम केवल पशु चिकित्सक तैयार करना नहीं है बल्कि उनके अंदर संवेदनशीलता विकसित करना भी हमारा उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता के लिए पर्याप्त संख्या में शिक्षक होना भी बहुत आवश्यक है। उन्होंने सभी निजी और सरकारी कॉलेजों को 31 मार्च तक फैकल्टी पूरी करने को कहा। डॉ. शर्मा ने कहा कि जिस तरह से देश में पशुओं पर कई घातक बीमारियां अटैक करती रहती हैं उसके लिए जरूरी है कि डिजीज सर्विलांस सिस्टम को और हाईटेक बनाया जाए। मानव स्वास्थ्य पशु स्वास्थ्य और पर्यावरण तीनों का समन्वय करते हुए वन हेल्थ मिशन चलाया जाए।

सेमिनार की अध्यक्षता करते हुए राजूवास के उपकुलपति प्रोफेसर मनोज दीक्षित ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता के लिए क्षेत्र में काम कर रहे पशु चिकित्सा अधिकारियों और शिक्षा संस्थानों के बीच अच्छा तालमेल होना भी आवश्यक है।

इस अवसर पर पशुपालन निदेशक डॉ. भवानी सिंह राठौड़ ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ नवाचारों को भी स्थान देना होगा। उन्होंने कहा कि सभी मिलकर कुशलता के साथ अच्छा आउटपुट देंगे और विभाग को नई ऊचाईयों तक ले जाएंगे। सेमिनार में राजस्थान के सभी पशु चिकित्सा महाविद्यालयों के अधिष्ठाताओं ने अपने अपने कॉलेज के कार्यक्रमों और भावी कार्ययोजना की प्रस्तुति दी। सेमिनार का समापन राष्ट्रगीत के साथ हुआ।

## निष्ठा से राज्य सेवाओं की प्रतिष्ठा बढाये : देवनानी

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राज्य लेखा सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों का आव्हान किया है कि वे ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करके राज्य सेवाओं की प्रतिष्ठा बढ़ाये। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता और संतुष्टि का आधार भी ईमानदारी और निष्ठा से कार्य निर्वहन ही है। देवनानी मंगलवार को यहां विधान सभा में राज्य लेखा सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। विधान सभा अध्यक्ष ने प्रत्येक प्रशिक्षु अधिकारी का परिचय लिया। देवनानी ने सभी प्रशिक्षु अधिकारियों को राज्य सेवा में चयन होने की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधान सभा लोकतंत्र का पवित्र स्थल है। सदन में चर्चा होने के पश्चात ही यहां बजट पारित होता है।

# इंदिरा महिला शब्द हटाना भाजपा सरकार की संकीर्ण मानसिकता : जूली

**जयपुर।** विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने महिला एवं बाल विकास विभाग से जुड़ी 7 योजनाओं के नाम बदलने पर आपत्ति करते हुए राज्य की भाजपा सरकार की कड़ी निंदा की है। जूली ने कहा कि युग निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के नाम से कांग्रेस शासन के समय से संचालित इन जनकल्याणकारी योजनाओं से इंदिरा महिला शब्द हटाना भाजपा की संकीर्ण मानसिकता का घोतक है।

जूली ने कहा है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी महिला शक्ति निधि योजना की घोषणा की थी।

# सतीश पूनिया दो दिन जोधपुर, बाड़मेर, जैसलमेर रहेंगे

■ वे रामदेवरा तथा तनोट माता के दर्शन करेंगे व सुकन्या समृद्धि खाते खुलवाने का शुभारम्भ करेंगे।

जयपुर, 22 अक्टूबर। भाजपा हरियाणा प्रभारी एवं राजस्थान के पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया 23 और 24 अक्टूबर को जोधपुर, बाड़मेर, जैसलमेर के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे।

सतीश पूनिया मारवाड़ के दो दिवसीय प्रवास पर मारवाड़ क्षेत्र के दिवंगत नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के यहां शोक संवेदना व्यक्त करने जाएंगे तथा रामदेवरा में रामदेव महाराज और जैसलमेर में तनोट माता के दर्शन कर आशीर्वाद लेंगे। इस दौरान सतीश पूनिया नवजात कन्याओं के, सुकन्या समृद्धि योजना के खाते खुलवाने का शुभारंभ करेंगे, इसके अलावा वे वृक्षारोपण इत्यादि सामाजिक सरोकारों के कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेंगे।

डॉ. पूनिया 23 अक्टूबर को प्रातः जोधपुर एयरपोर्ट पहुँचेंगे, जिसके बाद वे, ओसियां, लोहावट, फलौदी, रामदेवरा व कश्मीर (शिव) जाएंगे, फिर बाड़मेर के सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे।

डॉ. पूनिया बाड़मेर राजकीय चिकित्सालय में नवजात कन्याओं के सुकन्या समृद्धि खाते खोलने का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद वे बी.एस.एफ. के सहयोग में गडरा रोड में वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल होने के बाद श्री भगवान गौशाला जाएंगे और शाम को तनोट माता मंदिर की आरती में शामिल होंगे।

पिछले वर्ष भी सतीश पूनिया ने 24 अक्टूबर को बांसवाड़ा जिले के त्रिपुरा सुंदरी माताजी मंदिर से सुकन्या समृद्धि योजना के तहत नौ कन्याओं के खाते खुलवाने का शुभारंभ किया था, जो पूरे प्रदेश में एक बड़ा सामाजिक अभियान बना, जिसमें प्रदेशभर के पार्टी कार्यकर्ताओं ने 60 हजार से अधिक कन्याओं के सुकन्या समृद्धि योजना में खाता खुलवाए थे।

## झारखंड में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

महत्वाकांक्षी रुख अपनाया हुआ है।

इण्डिया ब्लॉक पार्टियाँ यदि एक सर्वमान्य सीट शेयरिंग फॉर्मूला को अंतिम रुप देने में असफल रहीं तो स्वाभाविक रुप से इसका लाभ भाजपा को होगा। जिसकी राज्य में जड़ें काफी गहरी हैं। चम्पई सोरेन के जाने के बाद झारखण्ड मुक्ति मोर्चा आंतरिक संकट से जूझ रहा है और पर्यवेक्षक मानते हैं कि हेमंत सोरेन का "सिम्पैथी फैक्टर" ही पार्टी को जीत दिलाने में सक्षम नहीं होगा। सिर्फ इसी के भरोसे पार्टी बहुमत आंकड़े तक नहीं पहुँच सकती है, खासकर सहयोगियों के असहयोगी रवैये के कारण। सीटों के बंटवारे पर इण्डिया गठबंधन में वार्ता चल रही है। पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता आशन्वित नहीं लग रहे हैं।

# जैसलमेर में कृत्रिम गर्भाधान से गोडावण के बच्चा हुआ

## ऐसा करने वाला भारत विश्व में पहला देश, लुप्त होती दुर्लभ प्रजाति को बचाने की आस जगी



*जैसलमेर जिले के सुदासरी गोडावण ब्रीडिंग सैंटर में आर्टिफिशल इनसैमिनेशन पद्धति से गोडावण चूजे का जन्म हुआ।*

■ रामदेवरा ब्रीडिंग सेन्टर में सुदा नामक मेल गोदावण के स्पर्म इकट्ठे किये गये। स्पर्म सुदासरी ब्रीडिंग सेन्टर ले जाकर 20 सितम्बर को टोनी नामक मादा गोडावण को कृत्रिम गर्भाधान कराया गया। टोनी ने 24 सितम्बर को अंडा दिया, 16 अक्टूबर को गोडावण का चूज़ा बाहर आया। एक हफ्ते आब्ज़र्वेशन में रख कर मेडिकल टेस्ट किये गये, चूज़ा स्वस्थ है।

जैसलमर, 22 अक्टूबर (नि.सं.)। जैसलमेर जिले के सुदासरी गोडावण ब्रीडिंग सेंटर में कृत्रिम गर्भाधान (आर्टिफिशल इनसेमिनेशन) से गोडावण के बच्चा पैदा हुआ है। दावा किया जा रहा है कि ऐसा करने वाला भारत दुनिया का पहला देश है। अब इस प्रक्रिया से लुप्त होने जा रही इस दुर्लभ प्रजाति को बचाया जा सकेगा।

प्रभागीय वन अधिकारी (डी.एफ.ओ.) आशीष व्यास ने बताया कि पहली बार गोडावण को कृत्रिम गर्भाधान की मदद से प्रजनन करवाकर पैदा किया गया है। अब गोडावण का स्पर्म बैंक बनाने और उसकी जनसंख्या बढ़ाने में मदद मिल सकेगी।

व्यास ने बताया कि 'इंटरनेशनल फंड फॉर हुबारा कंजर्वेशन फाउंडेशन, अबू धाबी' में तिलोर पक्षी पर इस तरह का परीक्षण किया गया और वो सफल रहा। भारत के वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के वैज्ञानिक भी पिछले साल वहां गए और इस तकनीक को सीखा। इसके बाद गोडावण पर इस तरह के परीक्षण के प्रयास शुरू किए। रामदेवरा गोडावण ब्रीडिंग सेंटर में स्थित सुदा नामक मेल गोडावण को कृत्रिम मेटिंग के लिए ट्रेनिंग दी। उसके स्पर्म इकट्ठे करके सुदासरी स्थित ब्रीडिंग सेंटर ले जाया गया। बीस सितंबर को टोनी नामक मादा गोडावण को कृत्रिम गर्भाधान करवाया गया।

टोनी ने 24 सितंबर को अंडा दिया। अंडे की देखभाल की गई। आखिरकार वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत का नतीजा निकला और 16 अक्टूबर को अंडे से गोडावण का चूज़ा बाहर आया। करीब एक हफ्ते तक चूज़े को ऑब्ज़र्वेशन में रखा गया और उसके सभी मेडिकल टेस्ट किए गए, अब चूज़ा स्वस्थ है।

व्यास ने बताया कि गोडावण में आर्टिफिशल इनसैमिनेशन (ए.आई.) का यह पहला परीक्षण है। कहा जा रहा है कि बड़ा होने के बाद इस चूज़े का नाम ए.आई. रखा जा सकता है।

डेजर्ट नेशनल पार्क जैसलमेर और बाड़मेर जिलों की तीन हजार 162 किमी भूमि पर स्थित पार्क का लगभग 44 फीसदी हिस्सा रेत के टीलों के रूप में है। जैसलमेर जिले के म्याजलार सहित, अन्य गांव डेजर्ट नेशनल पार्क क्षेत्र में होने की वजह से वहां के रहवासियों को मूलभूत सुविधा देने में प्रशासन को अड़चन आ रही है

व्यास ने बताया कि जैसलमेर में वर्तमान में गोडावण की संख्या 173 है, जिनमें से 128 गोडावण तो फील्ड में घूम रहे हैं। वहीं 45 गोडावण ब्रीडिंग सेंटर में हैं।

जैसलमेर का डेजर्ट नेशनल पार्क गोडावण का सबसे संरक्षित इलाका माना जाता है। यहां पर 70 के करीब एन्क्लोज़र हैं, जिसके कारण यहां पर गोडावण के प्रजनन की अनुकूल स्थितियां बनी हुई हैं। पार्क में बनाए गए हैचरी सेंटर में अंडों को वैज्ञानिक तरीके से सेते हैं।

# द्रव्यवती नदी रेस्टोरेशन प्रोजेक्ट के लिए टाटा को भुगतान देने पर फैसला सुरक्षित

■ हाईकोर्ट ने जे.डी.ए. की याचिका पर इस 1400 करोड़ रुपये के टैंडर में से शेष 52 करोड़ रुपये के विवाद पर फैसला सुरक्षित रखा।

■ जे.डी.ए. इस प्रोजैक्ट के लिए टाटा कम्पनी को 1365 करोड़ रु. का भुगतान पहले ही कर चुका है।

जयपुर, 22 अक्टूबर (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड-एस.यू.सी.जी. कंपनी को दृव्यवती नदी को पुनर्जीवित करने और आधारभूत ढांचा बनाने के संबंध में 52 करोड़ के शेष भुगतान की राशि नहीं देने के मामले में सुनवाई करते हुए अपना फैसला सुरक्षित रखा है। न्यायाधीश सुदेश बंसल की एकल पीठ ने जे.डी.ए. की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। इस मामले में जे.डी.ए. की ओर से अधिवक्ता अनुरूप सिंघी पैरवी के लिये पेश हुए थे, वहीं टाटा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कमलाकर शर्मा और अधिवक्ता शिवांशु नवल पैरवी के लिये पेश हुए थे।

मामले के तथ्यों के अनुसार, जे.डी.ए., दृव्यवती नदी को पुनर्जीवित करने के लिये किये गये टैंडर में टाटा को 1365 करोड़ का भुगतान पहले ही कर चुका है, परंतु 52 करोड़ रुपये का भुगतान इसलिये रोका गया है क्योंकि जे.डी.ए. का आरोप है कि टाटा ने 47.5 किलोमीटर लंबी नदी के तीन हिस्सों में तल को समतल कर पक्का बनाने का काम नहीं किया। हालांकि जब यह मामला आर्बिट्रेशन में गया था तो टाटा के पक्ष में ही अवॉर्ड आया था। इसके बाद जे.डी.ए. ने आर्बिट्रेशन अवॉर्ड को कमर्शियल कोर्ट में चुनौती दी थी। कमर्शियल कोर्ट ने जे.डी.ए. को अवॉर्ड के आधार पर 52 करोड़ की 50 प्रतिशत की राशि को जमा करने के आदेश दिये थे। इसके खिलाफ जे.डी.ए. ने हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की थी।

## उपभोक्ता आयोग ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

प्रार्थना पत्र में कहा गया कि उसने आई.सी.आई.सी.आई. बैंक से मेडिकल बीमा लिया था। उसके हृदय रोग होने के चलते इलाज पर लाखों रुपए खर्च हुए।

जब बैंक ने बीमा राशि देने से इनकार किया तो परिवादी ने वर्ष 2012 में आयोग के समक्ष परिवाद पेश किया, जिस पर सुनवाई करते हुए आयोग ने 1 फरवरी, 2012 को बैंक को आदेश देते हुए परिवादी को 9.50 लाख रुपए नौ फीसदी ब्याज सहित अदा करने को कहा। इसके साथ ही आयोग ने बैंक पर दस हजार रुपए का हर्जाना भी लगाया।

इस आदेश के खिलाफ बैंक ने राज्य आयोग में अपील की, जिसे आयोग ने 17 अप्रैल, 2015 को खारिज कर दिया। वहीं, बाद में राष्ट्रीय आयोग ने भी मई, 2018 में बैंक की अपील को निरस्त कर दिया। इसके बावजूद, अब तक आदेश की पालना नहीं हुई। प्रार्थना पत्र में गुहार की गई कि बैंक की संपत्ति को नीलाम कर परिवादी को भुगतान दिलाया जाए। याचिका पर सुनवाई करते हुए आयोग ने बैंक की संपत्ति को कुर्क करने के आदेश दिए हैं।

# वन विभाग की लापरवाही से सज्जनगढ़ पार्क से मादा पैंथर पिंजरा तोड़ भागी

## मादा पैंथर सोमवार को लखावली में पिंजरे में कैद हुई थी, रात 8.30 बजे उसे सज्जनगढ़ लाया गया

■ वन विभाग की लापरवाही तब सामने आई जब पैंथर के रात में भाग निकलने की सूचना कर्मचारियों को सुबह 8 बजे मिली।

उदयपुर, 22 अक्टूबर (कासं)। शहर और ग्रामीण इलाकों में पैंथर के खौफ के बीच मंगलवार को वन विभाग की लापरवाही का हैरान करने वाला मामला सामने आया, जिसमें एक मादा पैंथर पिंजरा तोड़कर भाग गई। यह मादा पैंथर सोमवार को बेदला के समीप लखावली क्षेत्र में लगाए गए वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गयी थी, जिसे वन विभाग की टीम रात 8:30 बजे सज्जनगढ़ बायोलॉजिकल पार्क लेकर पहुंची थी।

मादा पैंथर के भागने की जानकारी वन विभाग के कर्मचारियों को सुबह 8 बजे मिली। इसके बाद पूरे विभाग में हड़कंप मच गया। विभाग ने पैंथर को पकड़ने के लिए कई टीमें लगा दी हैं।

लखावली से लाई गई मादा पैंथर को उसी पिंजरे में रखा था, जिसमें वह आयी थी, पैंथर परेशान न हो, इसलिए पिंजरे पर कपड़ा डालकर उसे चारों ओर से ढ़क दिया गया था। रात को पैंथर ने पिंजरे की जाली पर पड़े कपड़े को खींच कर जाली ऊंची की और जगह बनाकर पिंजरे से निकलकर बायोलॉजिकल पार्क से भाग गयी। सुबह जब स्टाफ पिंजरे के पास पहुंचा तो पैंथर के भाग जाने का पता चला। सज्जनगढ़ अभयारण्य क्षेत्र में जगह-जगह वन विभाग की टीमें इस मादा पैंथर की तलाश कर रही हैं।

सज्जनगढ़ की पहाड़ी और बायो पार्क में दिन भर तलाश जारी रही, लेकिन पैंथर का पता नहीं चला है। खतरे को देखते हुए, सज्जनगढ़ पर पर्यटकों की आवाजाही रोक दी गई है। हालांकि प्रत्येक मंगलवार को बायो पार्क पर्यटकों के लिए बंद रहता है, पर वहां काम करने वाले मजदूरों को भी अब सुरक्षित जगह पहुंचाया गया है।

जहां पर यह मादा पैंथर पिंजरे में कैद हुई थी, उस जगह से करीब 15 किमी दूर 18 अक्टूबर को एक पैंथर को गोली मारी गई थी। आशंका जताई जा रही थी कि 10 लोगों का शिकार करने वाला पैंथर वही था, हालांकि अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

एक पेंथर को शूट करने के बाद भी यहां सर्च टीमें तैनात हैं। इस समय मदार में 5 और राठौड़ों का गुड़ा में 13 पिंजरे सहित उस इलाके में कुल 18 पिंजरे लगा रखे हैं। अब ज्यादा टीमों की भीड़ के बजाय, छोटे-छोटे ग्रुप बनाकर सर्च की जा रही है। मदार, बड़ी पंचायत, सज्जनगढ़ सेंचुरी और बड़ी तालाब के पास स्थित है। पैंथर इन तालाबों में प्यास बुझाने आते रहते हैं। इसलिए इनका मूवमेंट आसपास के इलाकों में भी रहता है।

## यू.ए.ई. ने राजस्थान...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

एक कदम आगे बढ़कर 'संयुक्त अरब अमीरात सरकार' द्वारा सरकारी फंड से प्रदेश में निवेश के लिए यह महत्वपूर्ण एम.ओ.यू. किया गया है। इसके तहत राज्य में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में तीन लाख करोड़ रुपए का निवेश आएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र और राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही हैं। केन्द्र सरकार ने देश में 500 गीगावॉट सौर ऊर्जा उत्पादन का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए राजस्थान को 250 गीगावॉट के सोलर प्लांट लगाने होंगे। यू.ए.ई. के साथ यह साझेदारी इस लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत और यू.ए.ई. के बीच आर्थिक, वाणिज्यिक और रणनीतिक साझेदारी और गहरी हुई है। यू.ए.ई., भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, जबकि भारत से होने वाले निर्यात में यू.ए.ई. दूसरे पायदान पर है। यू.ए.ई. के निवेश मंत्री मोहम्मद हसन अल सुवैदी ने कहा कि नवीकरणीय संसाधनों से ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति करना आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। पारंपरिक ऊर्जा से अक्षय ऊर्जा की ओर इस बदलाव में यू.ए.ई. महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राजस्थान की जलवायु और भौगोलिक परिस्थितियां ऊर्जा क्षेत्र में तकनीकी नवाचारों के लिए सर्वथा उपयुक्त हैं।

मुलाकात के दौरान, शर्मा ने आगामी 9 से 11 दिसम्बर तक जयपुर में आयोजित होने जा रहे "राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024" में सुवैदी को आमंत्रित किया। इस अवसर पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री के के बिश्नोई, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) आलोक गुप्ता सहित, विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

## लॉरेंस विश्नोई के एनकाउन्टर करने पर एक करोड़ देगी करणी सेना

नई दिल्ली, 22 अक्टूबर। एन.सी.पी. नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या और बॉलीवुड एक्टर सलमान खान को जान से मारने की धमकी के बाद से ही गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई लगातार सुर्खियों में है। अब करणी सेना ने लॉरेंस बिश्नोई का एनकाउंटर करने वाले पुलिसकर्मी को ईनाम देने की घोषणा की है। करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राज शेखावत ने 1 करोड़ 11 लाख 11 हज़ार 1 सौ 11 रुपये देने का ऐलान किया है। बता दें कि राजस्थान में पिछले साल करणी सेना के प्रमुख सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या कर दी गई थी, इस मामले में भी लॉरेंस बिश्नोई का नाम आया था। राज शेखावत ने इंस्टाग्राम पर वीडियो जारी किया है, जो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उन्होंने कहा है कि लॉरेंस बिश्नोई को मारने वाले किसी भी पुलिस अधिकारी को 1,11,11,111 रुपये का इनाम देंगे। इस वीडियो में वे आगे कहते हैं कि जो भी पुलिसकर्मी लॉरेंस बिश्नोई का एनकाउंटर करेगा, उसको यह इनाम की राशि दी जाएगी।

## शिवसेना...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हटाना पड़ता है।"

कांग्रेस पर खुला कटाक्ष करते हुये, राउत ने कहा, "कांग्रेस एक राष्ट्रीय दल है। यह पार्टी भाजपा से भी बड़ी है। ...... उनकी हाई कमान दिल्ली में है, उनकी बातचीत चल रही है। महाराष्ट्र के सभी नेता हमारे मित्र हैं।" लेकिन, उन्होंने अपने मित्र दल कांग्रेस को विशिष्ट परामर्श देने से बचते हुये कहा, "मैं उन्हें क्या मार्गदर्शन दे सकता हूँ? उनका मार्गदर्शन करने वाले बहुत से लोग हैं।"

दो सौ अठासी सदस्यों वाली महाराष्ट्र विधानसभा के लिये मतदान 20 नवम्बर को, तथा मतगणना 23 नवम्बर को होनी है।

## सेबी चीफ माधबी पुरी बुच को...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इस प्रकरण की समीक्षा में, सरकार को कोई पैसों का कोई अवैध लेन-देन नहीं पाया गया, तथा इस बात की पुष्टि की गई कि बुच ने सभी जरूरी ड्यूज अदा कर दिये थे। आई.सी.आई.सी.आई. बैंक ने स्पष्ट किया कि अक्टूबर 2013 में हुई उनकी सेवानिवृत्ति के बाद, बुच ने कोई वेतन या ई.एस.ओ.पी. नहीं लिया, उद्योग क्षेत्र के नियमों के अनुसार केवल मान्य सेवानिवृत्ति लाभ ही लिये थे।

बुच ने 12 साल तक आई.सी.आई.सी.आई को अपनी सेवाएं दीं। इनमें से दो वर्ष वे आई.सी.आई.सी.आई. सिक्यूरिटीज की सी.ई.ओ. रहीं।

बुच के खिलाफ तीसरा मोर्चा उस समय खोला गया, जब सेबी के कर्मचारियों ने वित्त मंत्रालय को पत्र भेजकर, उन पर, उनके नेतृत्व में जहरीली कार्य-संस्कृति का आरोप लगाया।

इन शिकायतों से सेबी तथा राजनैतिक हल्कों में चिन्ता पैदा हो गई थी। कर्मचारियों ने नेतृत्व पर कर्मचारियों से गाली-गलोच करने तथा डांटने-फटकारने का आरोप लगाया था, जिसके चलते प्रबन्धन के बारे में कर्मचारियों को बहुत शिकायतें थी।

सरकार ने इस मामले की छान-बीन की तथा कर्मचारियों से बातचीत की। इस मुद्दे का समाधान तब हुआ, जब सेबी के शीर्ष नेतृत्व से कहा गया कि वह स्टाफ के प्रति ज्यादा संवेदनशील बने। सरकारी सूत्रों ने कहा कि यह भी सम्भव है कि यह असंतोष बुच द्वारा सेबी में किये गये सुधारों के कारण पैदा हुआ हो, क्योंकि व्यवस्था की सफाई के बुच के प्रयासों का प्रतिरोध हुआ था।

सारे बिन्दुओं पर विचार करने के बाद, सरकार ने निर्णय लिया है कि बुच अपना कार्यकाल पूरी करेंगी, जो 28 फरवरी, 2025 को समाप्त होगा।

## जे.पी.सी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कारण पूरी मीटिंग पटरी से उतर गई।

कल्याण बनर्जी को जे.पी.सी. चेयरमैन जगदम्बिका पाल पर काँच की बोतल फैंकने की कोशिश के आरोप पर निलम्बित कर दिया गया है।

# देश के सभी सीआरपीएफ स्कूलों को बम ब्लास्ट की धमकी

■ सोमवार की रात देश के कई स्कूलों में यह ईमेल आया था, स्कूलों में सुरक्षा बढी।

■ मेल में मंगलवार को सुबह 11 बजे तक स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गयी थी। जांच में यह धमकी अफवाह निकली।

नई दिल्ली, 22 अक्टूबर। सीआरपीएफ के दिल्ली समेत देशभर के कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी का मामला सामने आया है। सूत्रों के मुताबिक देश के सभी सीआरपीएफ के स्कूल्स को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला ईमेल आया है। सोमवार रात ये मेल देश के कई स्कूलों को आया। जांच के बाद स्कूलों में कुछ नहीं मिला। मेल भेजने वाले ने सुबह 11 बजे तक सभी सीआरपीएफ स्कूलों में बम से उड़ाने की धमकी दी थी। मेल भेजने वाले ने पूर्व डीएमके लीडर जफर सादिक की अरेस्ट का जिक्र किया था जिसको एनसीबी और फिर ईडी ने अरेस्ट किया था। दिल्ली के जिन दो सीआरपीएफ स्कूलों को बम ले उड़ाने की धमकी मिली थी उनमें से एक रोहिणी और एक द्वारका में है। इस मेल का रोहिणी के प्रशांत विहार में हुए धमाके से कोई लिंक नही है। सूत्रों के मुताबिक, यह धमकी सोमवार देर रात इन स्कूलों के प्रबंधन को भेजे गए एक ईमेल के जरिए दी गई। सीआरपीएफ ने इस धमकी के बाद अपने सभी स्कूलों को अलर्ट पर रहने के लिए बोला है। दिल्ली पुलिस ने भी सीआरपीएफ स्कूलों के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। चार अक्टूबर को बेंगलुरु के तीन इंजीनियरिंग कॉलेजों को ईमेल के माध्यम से बम की धमकी मिली थी। इससे परिसरों में दहशत फैल गयी थी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, बसवनगुड़ी में बेंगलुरु इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और बीएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग और सदाशिवनगर में एमएस रमैया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी को दोपहर करीब 1 बजे ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली। पुलिस ने बताया कि इससे एक दिन पहले नौ शैक्षिणक संस्थानों को एक ईमेल मिला था जिसमें दावा किया गया था कि उनके परिसरों में बम लगाए गए हैं और तलाशी के बाद यह धमकी अफवाह निकली।

## केन्द्रीय गृह...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

याचिका में कहा गया कि अदालती आदेश की पालना में सी.आर.पी.एफ. ने उसे सेवा में बहाल तो कर दिया, लेकिन उसे सेवा परिलाभ नहीं दिए। सी.आर.पी.एफ. का यह कृत्य अदालती आदेश की अवमानना की श्रेणी में आता है।

ऐसे में उसे सेवा परिलाभ दिलाए जाएं और दोषी अवमाननाकर्ता अफसरों पर कार्रवाई की जाए। याचिका पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

## बजरंग पूनिया ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

को एकजुट करेंगे और किसानों के संघर्ष के लिए यह बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कई गैर राजनैतिक किसान संगठन हैं। देश की कुल आबादी के 52 प्रतिशत किसान हैं और अगर भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन भी गया तो भी इससे किसानों को लाभ नहीं होगा।

# सांसद नारायण राणे के पुत्र भाजपा छोड़ शिन्दे के साथ जायेंगे

■ कहते हैं कि कुदाल विधानसभा सीट बंटवारे में शिवसेना (शिन्दे) को मिलेगी। इस सीट से चुनाव लड़ने के लिये नारायण राणे के पुत्र नीलेश राणे शिवसेना (शिन्दे) में शामिल होंगे।

मुंबई, 22 अक्टूबर। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव 2024 के लिए सभी राजनीतिक दल अपनी-अपनी तैयारियों में लगे हुए हैं। महायुति और महा विकास अघाड़ी, दोनों गठबंधन जल्द ही अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा करने जा रहे हैं। हालांकि, चुनाव से ठीक पहले भारतीय जनता पार्टी के सांसद नारायण राणे के बेटे नीलेश राणे ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि वह भाजपा छोड़कर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल होने जा रहे हैं।

नीलेश राणे ने मंगलवार को इस बात की जानकारी दी कि वे एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल होंगे। नीलेश ने बताया है कि वे महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कुदाल सीट से चुनाव लड़ेंगे। सूत्रों के मुताबिक, महायुति गठबंधन में हुए सीट बंटवारे के तहत, कुदाल सीट शिवसेना के खाते में जाएगी। यही कारण है कि नीलेश भाजपा से शिवसेना में शामिल होंगे। महाराष्ट्र की कुदाल विधानसभा सीट रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग लोकसभा क्षेत्र के तहत आती है। इस सीट से वर्तमान में भाजपा के नारायण राणे सांसद हैं। कुदाल से सटी हुई कंकावली विधानसभा सीट है जहां से नीलेश राणे के छोटे भाई और भाजपा नेता नीतेश राणे विधायक हैं। कुदाल विधानसभा सीट से शिवसेना (यूबीटी) के नेता वैभव नायक वर्तमान में विधायक हैं। नीलेश राणे पहले कांग्रेस में थे। उन्होंने साल 2009 में रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग सीट से लोकसभा का चुनाव जीता था। इसके बाद 2014 में वे भाजपा में शामिल हो गए, लेकिन 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इसके कुछ समय बाद, नीलेश राणे ने सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने की घोषणा कर दी थी। हालांकि, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेन्द्र फड़णवीस ने उनसे मुलाकात की थी और इसके बाद नीलेश राणे ने पार्टी के लिए काम करना जारी रखने की बात कही थी।

# इंडिगो-विस्तारा और एयर इंडिया की 30 फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

■ गत आठ दिन में 120 से अधिक विमानों को बम हमले की धमकी मिली है।

नई दिल्ली, 22 अक्टूबर। देश भर की तमाम एयरलाइन कंपनियों के विमानों में बम की धमकी मिलने का सिलसिला कई दिनों से जारी है। सोमवार रात को भी इंडिगो, विस्तारा, अकासा और एयर इंडिया की 35 फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी, और मंगलवार को भारतीय एयरलाइन्स द्वारा संचालित 30 डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी मिली। मामले से जुड़े सूत्रों ने एजेंसी को बताया कि बम से उड़ाने की धमकी पाने वालों में इंडिगो, विस्तारा, अकासा और एयर इंडिया की उड़ानें शामिल हैं। बता दें कि पिछले 8 दिन में अब तक 120 से ज्यादा विमानों को बम हमले की धमकी मिल चुकी है।

विस्तारा के प्रवक्ता ने कहा, हम पुष्टि करते हैं कि 21 अक्टूबर 2024 को संचालित होने वाली विस्तारा की कुछ उड़ानों को सोशल मीडिया पर सुरक्षा संबंधी धमकियां मिली हैं। हमने तुरंत संबंधित अधिकारियों को सतर्क कर दिया है और उनके द्वारा बताए गए सभी सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन कर रहे हैं। विस्तारा में, हमारे ग्राहकों, चालक दल और विमान की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है।"

वहीं, एक एयर इंडिया के प्रवक्ता ने भी इस बात की पुष्टि की कि सोमवार को उड़ान भरने वाली एयर इंडिया की कुछ उड़ानों को धमकी मिली थी। निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए संबंधित अधिकारियों को तुरंत सतर्क किया गया और नियामक अधिकारियों तथा सुरक्षा एजेंसियों के मार्गदर्शन के अनुसार सभी सुरक्षा प्रक्रियाओं का सख्ती से पालन किया गया। पिछले एक हफ्ते में भारतीय विमानन कंपनियों की 120 से अधिक उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, जी-1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौन सिटी, जिला करौली से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2008/27147 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908